

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, गुरुवार, 29 मई 2025 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-3 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-061 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 30 मई 2025 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### खूंखार नक्सली हिड़मा की गिरफ्तारी की खबर

**रायपुर, 29 मई।** खूंखार नक्सली हिड़मा को ओडिशा के कोरापुट में एके-47 के साथ गिरफ्तार किए जाने की जानकारी मिली है। हिड़मा के खिलाफ कई आपराधिक प्रकरण दर्ज है। जानकार सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नक्सलियों की हिट लिस्ट में सबसे उपर मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति, मल्लोजुला वेणुगोपाल उर्फ सोनू, थिप्परी तिरूपति और मिशिर बेसरा के नाम हैं। इन चारों पर एक-एक करोड़ रुपये का इनाम है। हालांकि, इनके अलावा लिस्ट में 11 नाम और हैं। बेहद कम चांस हैं इस लिस्ट से बाहर किसी और नाम पर विचार हो। मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति, मल्लोजुला वेणुगोपाल उर्फ सोनू, थिप्परी तिरूपति तीनों तेलंगाना के करीमनगर जिले के है। जबकि मिशिर बेसरा झारखंड राज्य के गिरडीह के गांव सनथल मधुनदी का निवासी बताया गया है।

### पूर्वी रेलवे के स्टेशनों पर फोटो व वीडियोग्राफी पर रोक

**कोलकाता, 29 मई।** पूर्व रेलवे ने सुरक्षा के मद्देनजर अपने स्टेशनों पर फोटोग्राफी व वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध लगा दिया है, जिसका मुख्यालय कोलकाता में है। अधिकारियों ने सभी ब्लॉगरों और यूट्यूबरों से आग्रह किया है कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में उसके अधिकार क्षेत्र के तहत आने वाले स्टेशनों की ना तो विस्तृत फोटो खींचे और ना ही इनके वीडियो बनाएं। पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) दीप्तिमय दत्ता ने कहा कि संबंधित अधिकारी निगरानी बढ़ाएंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी महत्वपूर्ण स्टेशनों की विस्तृत तस्वीरें नहीं ले सके। पूर्व रेलवे की यह अपील हरियाणा की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा को पाकिस्तानी खुफिया एजेंटों को संवेदनशील जानकारी देने के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद आई है। सीपीआरओ ने कहा, स्टेशन परिसर और प्लेटफार्म की तस्वीरें या वीडियो लेने पर प्रतिबंध लागू हैं। अब हमने देश भर में उभरती स्थितियों और सुरक्षा अलर्ट के साथ निगरानी बढ़ाने का फैसला किया है।

### इस साल अमरनाथ यात्रा चुनौतीपूर्ण, सभी इंतजाम किए जाएंगे: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर, 29 मई।** बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा, सुरक्षा और साजो-सामान की दृष्टि से हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यात्रा सुचारू रूप से संपन्न हो। आपके अनुभव को देखते हुए मुझे विश्वास है कि सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद इस साल वार्षिक अमरनाथ यात्रा का आयोजन एक चुनौती होगी, लेकिन यात्रा के सुचारु संचालन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों के कामकाज का आकलन करने के लिए गुलमर्ग में एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की जिसमें आपातकालीन तैयारियों, पर्यटकों की सुरक्षा, खेल और साहसिक पर्यटन, मोबाइल कनेक्टिविटी तथा स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में कार्यों की समीक्षा की गई।

# कोयला लेवी घोटाला: सौम्या, सूर्यकांत रानू को सुप्रीम कोर्ट से सशर्त जमानत

» **तीनों को रहना होगा छत्तीसगढ़ से बाहर लेकिन दूसरे मामलों में जेल में ही रहेंगे**

**रायपुर, 29 मई।** कोयला लेवी घोटाले में फंसे छत्तीसगढ़ के निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू, कारोबारी सूर्यकांत तिवारी और पूर्व सीएमओ सौम्या चौरसिया को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट की डबल बेंच ने तीनों को सख्त शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने यह निर्णय सुनाते हुए स्पष्ट किया कि इन आरोपियों के गवाहों को प्रभावित करने की आशंका को देखते हुए उन्हें फिलहाल छत्तीसगढ़ में रहने की अनुमति नहीं दी जाएगी। कोर्ट ने यह भी कहा कि अंतरिम जमानत के दौरान आरोपी राज्य से बाहर ही रहेंगे और न्यायालय द्वारा निर्धारित अन्य सभी शर्तों का पालन करना होगा। ईडी की जांच में सामने आया कि कुछ लोगों ने राज्य के वरिष्ठ राजनेताओं और नौकरशाहों से मिलीभगत के बाद ऑनलाइन मिलने वाले परमिट को ऑफलाइन कर कोयला ट्रांसपोर्ट करने वालों से अवैध वसूली की. जुलाई 2020 से जून



2022 के बीच कोयले के हर टन पर 25 रुपए की अवैध लेवी वसूली गई. 15 जुलाई 2020 को इसके लिए आदेश जारी किया गया था. खनिज विभाग के तत्कालीन संचालक आईएएस समीर बिश्नोई ने आदेश जारी किया था. यह परमिट कोल परिवहन में कोल व्यापारियों से लिया जाता है. पूरे मामले का मास्टरमाइंड किंगपिन कोल व्यापारी सूर्यकांत तिवारी को माना गया. इसमें व्यापारी जो पैसे देता उसे ही खनिज विभाग से पीट और परिवहन पास जारी होता था, यह रकम 25 रुपए प्रति टन के हिसाब से सूर्यकांत के कर्मचारियों के पास जमा होती थी. इस तरह से स्कैम कर कुल 570 करोड़ रुपए की वसूली की गई. जांच में सामने आया है कि इस घोटाले की राशि को सरकारी अधिकारियों और राजनेताओं को रिश्वत देने में खर्च किया गया. साथ ही चुनावी खर्चों के लिए भी इस अवैध राशि का इस्तेमाल किया गया. आरोपियों ने इससे कई चल-अचल संपतियों को खरीदा. हालांकि ईओडब्ल्यू द्वारा दर्ज कई मामलों में इन आरोपियों को जेल में ही रहना होगा जब तक कि संबंधित मामलों में भी उन्हें कानूनी राहत नहीं मिल जाती। यह अंतरिम जमानत केवल ईडी द्वारा दर्ज मामलों तक ही सीमित है।

## रायपुर से 27 लाख चोरी कर भागा आरोपी जांजगीर में पकड़ाया

**जांजगीर-चांपा, 29 मई।** रायपुर की एक कपड़ा दुकान से 27 लाख रुपये की बड़ी चोरी के मामले में जांजगीर-चांपा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अंतरजिला समन्वय और तत्पर कार्रवाई के तहत चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को बिर्रा थाना पुलिस ने सक्ती जिले के ग्राम मल्दा से गिरफ्तार किया। आरोपी विजय कश्यप, निवासी मल्दा थाना हसौद, पूर्व में रायपुर के माना क्षेत्र स्थित कपड़ा व्यापारी गुरमुख आहूजा के यहां ड्राइवर के रूप में कार्यरत था। उसे दुकान में रखी नगदी रकम की जानकारी थी। इसी का फायदा उठाकर आरोपी ने 27 लाख रुपये की चोरी की और मौके से फरार हो गया। चोरी की सूचना 28 मई की रात जांजगीर-चांपा के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय को मिलने पर पूरे जिले में अलर्ट जारी किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के निर्देशन और थाना प्रभारी बिर्रा उप निरीक्षक कृष्णपाल सिंह के नेतृत्व में टीम ने रात में ही आरोपी के गांव मल्दा जो बिर्रा थाना से लगभग 10 किलोमीटर दूर है में दबिश दी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से ?500, ?200 व ?100 के नोटों के बंडल भी बरामद किए हैं। चूंकि मामला रायपुर का और आरोपी शक्ति जिले का है, इसलिए बिर्रा पुलिस ने आरोपी को थाना हसौद पुलिस के सुपुर्द किया, जहां से आगे रायपुर पुलिस को आरोपी सौंपा गया।

## बंगाल का विकास भारत के भविष्य की नींव: मोदी

**कोलकाता, 29 मई।** प्रधानमंत्री ने कहा कि अलीपुरद्वार की ये भूमि सिर्फ सीमाओं से नहीं संस्कृतियों से जुड़ी है। एक ओर भूटान की सीमा है, दूसरी ओर आसाम का अभिनंदन है। एक ओर जलपाईगुड़ी का सौंदर्य है, दूसरी ओर कूचबिहार का गौरव है। आज इसी समृद्ध भू-भाग पर मुझे आप सबके दर्शन करने का सौभाग्य मिला है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार और कूच बिहार जिलों में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखी। 1010 करोड़



रुपये से अधिक की लागत वाली इस परियोजना का उद्देश्य सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) लक्ष्यों के अनुरूप लगभग 19 सीएनजी स्टेशन स्थापित करके 2.5 लाख से अधिक घरों, 100 से अधिक वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों और उद्योगों को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) और वाहनों को संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) उपलब्ध कराना है। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि अलीपुरद्वार की ये भूमि सिर्फ सीमाओं से नहीं संस्कृतियों से जुड़ी है। एक ओर भूटान की सीमा है, दूसरी ओर आसाम का अभिनंदन है। एक ओर जलपाईगुड़ी का सौंदर्य है, दूसरी ओर कूचबिहार का गौरव है। आज इसी समृद्ध भू-भाग पर मुझे आप सबके दर्शन करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि आज जब भारत %विकसित राष्ट्र% की ओर बढ़ रहा है, तो बंगाल की भागीदारी अपेक्षित भी है और अनिवार्य भी है। इसी इरादे के साथ केंद्र सरकार यहां लगातार इंफ्रास्ट्रक्चर, इनोवेशन और इन्वेस्टमेंट को नई गति दे रही है।

मोदी ने कहा क आज हमने पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना की आधारशिला रखी है। इस पहल के माध्यम से हम गैस पाइपलाइन के माध्यम से घरों तक स्वच्छ और अधिक किफायती ऊर्जा की आपूर्ति करेंगे। इससे न केवल गैस सिलेंडर खरीदने की परेशानी कम होगी बल्कि सुरक्षित गैस कनेक्शन भी मिलेंगे। यह केवल एक पाइपलाइन परियोजना नहीं है; यह सरकार की योजनाओं की डोरस्टेप डिलीवरी का भी एक उदाहरण है।

## नमाज पढ़ाने वाले प्रोफेसरों की एफआईआर रद्द करने की याचिका हाईकोर्ट से खारिज


**बिलासपुर, 29 मई।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के छात्रों को एनएसएस कैंप में नमाज पढ़ने के लिए मजबूर करने के मामले में संलिप्त 7 प्रोफेसरों को हाई कोर्ट से राहत नहीं मिली है. मामले की गंभीरता को देखते हुए हाई कोर्ट ने मामले में दर्ज एफआईआर को रद्द करने के लिए लगाई गई दो याचिकाओं को खारिज कर दिया है. मुख्य न्यायाधीश राकेश सिन्हा के डिवीजन बेंच ने प्रोफेसरों द्वारा खुद के खिलाफ दायर एफआईआर को निरस्त करने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दी है. छात्रों की शिकायत पर



यूनिवर्सिटी के शिक्षकों के खिलाफ कोटा थाने में बीएनएस की धारा 190, 196(1)(बी), 197(1)(बी), 197(1)(सी), 299, 302 व अन्य के तहत मामला दर्ज है. बता दें कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एन एस एस इकाई ने शिवतराई गांव में बीते 26 मार्च से 1 अप्रैल 2025 तक केम्प लगाया था. शिविर के दौरान ईद के दिन समन्वयक दिलीप झा, मधुलिका सिंह, सूर्यभान सिंह, डॉ ज्योति वर्मा, प्रशांत वैष्णव, बसंत कुमार और डॉ नीरज कुमारी ने हिंदू छात्रों को नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया था.

## पीओके में रहने वाले हमारे देश का हिस्सा, एक दिन साथ आएंगे

**नई दिल्ली, 29 मई।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर यानी पीओके को लेकर अहम टिप्पणी की है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि पीओके में रहने वाले लोग भारत के ही हैं और हमें भरोसा है कि एक दिन वे हमारे साथ आएंगे। दिल्ली में एक इवेंट को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत तो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को कहीं ज्यादा नुकसान पहुंचा सकता था। फिर भी हमने संयम बरता। उन्होंने कहा कि पीओके के लोग हमारे अपने हैं। पीओके के अधिकतर लोग भारत के साथ एक कनेक्शन का अनुभव करते हैं। वहां रहने वाले कुछ ही लोग ऐसे हैं, जिन्हें भ्रमित किया जा सका है। हमारा भरोसा है कि वे लोग एक दिन स्वेच्छा से भारत की मुख्यधारा में जरूर लौटेंगे। मैं जानता हूं कि वहां ऐसे लोगों की बड़ी संख्या है, जो भारत के साथ जुड़ाव महसूस करती है। कुछ गिने-चुने लोगों को ही भटकाया गया है। पीओके में रहने वाले हमारे भाइयों की स्थिति वैसी ही है, जैसे महाराणा प्रताप के छोटे भाई शक्ति सिंह की थी। महाराणा प्रताप की शक्ति सिंह को लेकर कही गई बात को भी दोहराते हैं- तब कुपंथ को छोड़ सुपंथ पर स्वयं चला आएगा। मेरा ही भाई है, मुझसे दूर कहां जाएगा। भारत हमेशा ही दिलों को जोड़ने की बात करता है। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि हमारा ही अंग पीओके एक दिन स्वयं लौटकर कहेगा, मैं भारत हूं और वापस आया हूं। मेरा पक्का विश्वास है कि ऐसा होना है।



### भारत का होगा पीओके: जनरल उपेंद्र द्विवेदी

चित्रकूट, 29 मई। थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने स्वामी रामभद्राचार्य से दीक्षा लेकर बड़ा वचन दे दिया है. स्वामी रामभद्राचार्य ने गुरू दक्षिणा के रूप में पीओके मांगा है. जिस पर उन्होंने जवाब दिया कि निश्चित रूप से यह दक्षिणा मुझे मिलेगी. इस बात की जानकारी खुद स्वामी रामभद्राचार्य ने दी है. बता दें कि थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने तुलसीपीठ पहुंचकर स्वामी रामभद्राचार्य से दीक्षा ली. इस अवसर पर जनरल उपेंद्र द्विवेदी अपनी पत्नी के साथ मौजूद थे. जिसे लेकर स्वामी रामभद्राचार्य का बयान सामने आया है. रामभद्राचार्य ने कहा कि जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने मुझसे उसी मंत्र की दीक्षा ली जो माता सीता ने लंका विजय से पूर्व वीर हनुमान को दी थी. उन्होंने कहा कि 'मैंने उनसे पीओके की दक्षिणा मांगी जो पाक अधिकृत है और हमें मिलना चाहिए. उन्होंने कहा कि निश्चित रूप से यह दक्षिणा मुझे मिलेगी.



# आपरेशन चक्र: सीबीआई की 19 स्थानों पर छापेमारी

» **जापानी नागरिकों को निशाना बनाने वाले साइबर अपराध गिरोह के 6 सदस्य गिरफ्तार**

**नई दिल्ली, 29 मई।** सीबीआई ने जापान की राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी और माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के साथ मिलकर काम किया। यह अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता अपराधियों की पहचान करने और सिंडिकेट की क्रियाशील संरचना का पता लगाने में महत्वपूर्ण साबित हुई, जिसके परिणामस्वरूप अंततः भारत में सफल कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन चक्र-5 के तहत साइबर अपराधों को रोकने के अपने प्रयासों के तहत, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने गुरुवार को दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में 19 स्थानों पर समन्वित तलाशी ली। तलाशी अभियान के दौरान, जांच एजेंसी ने छह प्रमुख गुर्गों को गिरफ्तार किया और जापानी नागरिकों को निशाना बनाकर एक परिष्कृत अंतरराष्ट्रीय तकनीकी सहायता घोटाले में शामिल दो अवैध कॉल सेंटरों को ध्वस्त कर दिया। इससे पहले, सीबीआई ने खुफिया जानकारी के आधार पर मामला दर्ज किया था, जिसमें प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय निगमों के तकनीकी सहायता कर्मियों के रूप में विदेशी नागरिकों-विशेष रूप से जापानी नागरिकों-को ठगने वाले साइबर अपराध सिंडिकेट के अस्तित्व का संकेत दिया गया था। सिंडिकेट द्वारा संचालित कॉल सेंटरों को वैध ग्राहक सेवा केंद्रों के रूप में डिजाइन किया गया था, जिसके माध्यम से पीड़ितों को यह विश्वास दिलाया जाता था कि उनके इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से छेड़छाड़ की गई है। इस बहाने, पीड़ितों को खच्चर खातों में धन हस्तांतरित करने के लिए मजबूर किया जाता था। मामला दर्ज होने के बाद, सीबीआई ने जापान की राष्ट्रीय पुलिस एजेंसी और माइक्रोसॉफ्ट कॉरपोरेशन के साथ मिलकर काम किया। यह अंतर्राष्ट्रीय सहभागिता अपराधियों की पहचान करने और सिंडिकेट की क्रियाशील संरचना का पता लगाने में महत्वपूर्ण साबित हुई, जिसके परिणामस्वरूप अंततः भारत में सफल कार्रवाई की गई। तलाशी अभियान के दौरान, सीबीआई ने कई डिजिटल और भौतिक साक्ष्य जब्त किए, जो सिंडिकेट के बड़े पैमाने पर संचालन के संकेत देते हैं। सीबीआई ने साइबर अपराध से उत्पन्न गतिशील और उभरते खतरों से निपटने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। सीबीआई ने कहा कि वह घरेलू और अंतरराष्ट्रीय हितधारकों के सहयोग से साइबर अपराध का पता लगाने, जांच करने और अभियोजन के क्षेत्र में अपनी रणनीतिक और परिचालन क्षमताओं को मजबूत करना जारी रखे हुए है।

## अवैध घुसपैठियों के विरुद्ध दुर्ग पुलिस की कार्रवाई

» **474 लोगों की जांच कर 103 संदेहियों के लिए गए फिंगरप्रिंट**

**दुर्ग, 29 मई।** छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी / रोहिंग्यो घुसपैठियों की पहचान कर उनके विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के लिए विशेष टीम गठित कर दुर्ग जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर फैक्ट्री/लकड़ी चालों, भीड़-भाड़ वाले रहवासी क्षेत्रों रहने वाले किरायेदारों को चेक किया गया, चेकिंग के दौरान छावनी अनुविभाग अंतर्गत ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज एवं पुरैना में लगभग 65 लोगों की जांच की गयी, जिसमें 15 संदहियों का फिगर प्रिंट लिया गया । इसी कम में भिलाई नगर अनुविभाग में कांट्रेक्टर कॉलोनी पुरानी बस्ती, पांच रास्ता के आस-पास निवासरत व अन्यत्र स्थानों से आकर किराये से रहने वाले लोगों को चेक किया गया जिसमें किराये के मकान में कुल 201 व्यक्तियों को चेक किया गया जिसमें किरायेदार लोगों की ज्यादातर आस-पास के जिले की संख्या है किसी प्रकार का संदेही नही मिला मकान मालिक को किरायेदार का परिचय पत्र पूर्ण पता आवश्यक जानकारी लेकर थाने में सूचना देने हिदायत दिया गया । पाटन अनुविभाग में थाना उतई क्षेत्र में ग्राम डुमरडीह, महकाकला क्षेत्र में विजय पाण्डे के आरा मशीन, प्लॉई वुड की फैक्ट्री तथा जिंदल प्लॉई वुड फैक्ट्री में एवं थाना पाटन क्षेत्र के आरा मिल में कार्यरत कुल 208 लोगों को चेक किया गया।

### मस्क और डोनाल्ड ट्रंप की जोड़ी टूटी

**वॉशिंगटन, 29 मई।** दुनिया के सबसे अमीर कारोबारी और टेस्ला सीईओ एलन मस्क ने डोनाल्ड ट्रंप का साथ छोड़ दिया है। जी हांज एलन मस्क और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की जोड़ी टूट गई है। टेस्ला सीईओ और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क ने खुद इसका ऐलान किया है।

## भाजपा कार्यालय में तोड़फोड़, आगजनी मामले में 7 कार्यकर्ता निष्कासित

**धमतरी, 29 मई।** भाजपा कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी मामले में 7 कार्यकर्ताओं को पार्टी से निष्कासित किया गया है. बता दें कि नगरीय निकाय चुनाव के दौरान टिकट वितरण को लेकर असंतुष्ट नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पैसा लेकर टिकट देने का आरोप लगाते हुए भाजपा कार्यालय में प्रदर्शन किया था. इस दौरान कार्यालय में तोड़फोड़ की गई थी. सामानों को आग के हवाले किया गया था. इस घटना में निखिल साहू, शैलेन्द्र धेनुसेवक, भोला शर्मा, गज्जू शर्मा, रवेन्द्र साहू, संत कोठारी, सुनील निर्मलकर की संलिप्तता पाई गई है.

## भारत के एक्शन से बौखलाया बांग्लादेश



» **अपने ही नागरिकों को एंट्री देने से किया इंकार**

**ढाका, 29 मई।** एक कहावत है.. चोरी और सीनाजोरी। ये कहावत भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश पर बिलकुल फिट बैठती है। पहलो तो बांग्लादशी अवैध रूप से बॉर्डर कार भारत में दाखिल होते हैं। यहां का निवासी बन जाते हैं। जब भारत कार्रवाई कर वापस उन्हें डिपोर्ट करती है तो अपने नागरिकों को एंट्री देने से इंकार करते हुए उल्टे बांग्लादेश के अधिकारी गीदड़भभकी भी देने से बाज नहीं आते हैं। भारत द्वारा अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को वापस भेजने की कार्रवाई पर बांग्लादेश के नेताओं और सुरक्षा एजेंसियों ने कड़ी आपत्ति जताई है। बांग्लादेश ने इसे अपनी संप्रभुता पर हमला और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। दरअसल दरअसल, मंगलवार को भारत ने 67 अवैध बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार पर वापस भेजा। वहीं बांग्लादेश अपने ही नागरिकों को वापस देश में एंट्री देने से इंकार कर दिया। इससे बुधवार सुबह 13 लोग भारत-बांग्लादेश सीमा के जीरो लाइन पर फंसे रहे। इधर बांग्लादेश सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 26 मई को गीदड़भभकी देते हुए कहा कि भारत द्वारा अवैध नागरिकों को धकेलना स्वीकार्य नहीं है।

# अब गांधी का देश दूसरा गाल आगे नहीं करेगा: शशि थरूर

» **कांग्रेस नेता ने पीएम मोदी की तारीफ में फिर पढ़े कसीदे**

**नई दिल्ली, 29 मई।** पाकिस्तान के आतंकी करतूतों का पर्दाफाश करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर डेलिगेशन के रूप में विदेशी दौरे पर गए कांग्रेस सांसद शशि थरूर लगातार विदेशी धरती से पीएम मोदी की तारीफ में कसीदे पढ़ रहे हैं। पनामा पहुंचे कांग्रेस सांसद ने आतंकवाद पर पाकिस्तान को बेनकाब करते हुए प्रधानमंत्री मोदी की जमकर तारीफ की। थरूर ने कहा कि अब महात्मा गांधी का भी देश ऐसी हरकत होने पर अपने दूसरे गाल को आगे नहीं करेगा और प्रतिक्रिया देगा। भारतीय दूतावास की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए थरूर ने महात्मा गांधी की बिना किसी डर के जीने के संदेश का भी जिक्र किया।

कांग्रेस सांसद ने पाकिस्तान के पहलगाम हमले का मकसद बताते हुआ कहा कि, ÷यह आतंकवादी कार्रवाई उन कुटिल उद्देश्यों की पूर्ति के लिए की गई थी। जिन्हें दुर्भाग्य से केवल पाकिस्तानी सेना हमारे देश को कमजोर करने, कश्मीरी अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के लिए करना चाहती है। पनामा में भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए थरूर ने महात्मा गांधी की शिक्षा पर जोर



दिया कि बिना किसी डर के जीना चाहिए। थरूर ने कहा, 'महात्मा गांधी ने आजादी के लिए हमारे संघर्ष में अपने साहसी नेतृत्व में हमें यह भी सिखाया कि हमें हमेशा अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए। हमें हमेशा उन मूल्यों के लिए खड़ा होना चाहिए, जिन पर हम विश्वास करते हैं। हमें बिना किसी डर के जीना चाहिए। डर से निजात ही वह चीज है, जिसके लिए हमें भारत में इन दिनों लड़ना पड़ रहा है। हमें उन दुष्ट लोगों के खिलाफ लड़ना है, हमें ऐसे नापाक लोगों के बुरे हमलों के खिलाफ लड़ना है, जिसे दुनिया आतंकवादी कहती है।

थरूर ने कहा, उन्होंने (महात्मा गांधी ने) हमें स्वतंत्रता के लिए हमारे संघर्ष में अपने साहसी नेतृत्व में यह भी सिखाया कि हमें हमेशा अपने अधिकारों के लिए खड़ा होना चाहिए। हमें हमेशा उन मूल्यों के लिए खड़ा होना चाहिए जिन पर हम विश्वास करते हैं, और हमें बिना किसी डर के जीना चाहिए। डर से मुक्ति ही वह चीज है जिसके लिए हमें भारत में इन दिनों उन दुष्ट लोगों के बुरे हमलों के खिलाफ लड़ना है, जिन्हें दुनिया आतंकवादी कहती है, लेकिन जो मानते हैं कि हमारे देश में आकर, निर्दोष लोगों को मारकर और फिर से भागकर वे किसी तरह किसी बड़े राजनीतिक या धार्मिक उद्देश्य को हासिल कर लेंगे। कांग्रेस सांसद ने कहा कि यह ऐसी चीज नहीं है कि इसके आगे कोई भी स्वाभिमानी देश झुक जाएगा, और यहां तक ??कि महात्मा गांधी की धरती भी ऐसा होने पर दूसरा गाल नहीं बढ़ाएगी, हम इसका जवाब देंगे।

# देश में कोरोना का कहर जारी, 12 मौतें

**नई दिल्ली, 29 मई।** देश में एक बार फिर कोविड वायरस ने दस्तक दे दी है। इसी के साथ ही कोरोना का कहर जारी है। कोविड-19 के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। अबतक 12 कोरोना मरीजों की मौत हो चुकी है। वहीं देशभर में एक्टिव केसों की संख्या 1200 पहुंच गई है। बिहार में कोरोना विस्फोट हुआ है। पटना एम्स में महिला डॉक्टर समेत 7 पॉजिटिव मिले हैं। इसके अलावा, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है। कुल मृतक की संख्या 12 पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में मंगलवार को 78 साल के कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग की



इलाज के दौरान मौत हो गई। यह राज्य में कोविड के नए वैरिएंट से पहली मौत है। इधर देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 1200 पहुंच गई है। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 325 मरीज हैं। इनमें से 316 मरीज सिर्फ मुंबई में हैं। इसके बाद केरल में सबसे ज्यादा 430 कोरोना पेशेंट हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र में 66, कर्नाटक में 36, गुजरात में 17, बिहार में 5 और हरियाणा में 3 नए मामले सामने आए हैं। नॉर्थ-ईस्ट में भी कोरोना के मामले सामने आने लगे हैं। अरुणाचल प्रदेश में मंगलवार को 2 महिलाएं कोरोना पॉजिटिव पाई गईं। इनमें एक को बुखार और हल्की खांसी है, जबकि दूसरी महिला में कोई लक्षण नहीं हैं।

# समाधान शिविर में 2314 आवेदनों का किया गया निराकरण

■ ग्राम पंचायत आंतरगांव में समाधान शिविर का किया गया आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 29 मई।** जिले में सुशासन तिहार अंतर्गत नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों के संबंध में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए प्रशासनिक अमला पूरी तन्मयता से कार्य कर रहा है। सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत छुरिया के ग्राम पंचायत आंतरगांव में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष मती किरण वैष्णव ने कहा कि सुशासन तिहार अंतर्गत नागरिकों से प्राप्त शिकायतों एवं मांगों का समाधान शिविर में निराकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जनसामान्य के विकास के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने जनसामान्य से शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने का आग्रह किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष मती किरण वैष्णव ने गर्भवती माताओं की गोदभराई की और नन्हे बच्चों का अन्नप्राशन किया। साथ ही विभागीय स्टॉल का अवलोकन कर योजनाओं एवं हितग्राहियों के संबंध में जानकारी ली। जिला पंचायत अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने



ग्राम पंचायत अछोली में हितग्राहियों को अग्नि से पूर्ण क्षति मकान के 6 हितग्राहियों को राजस्व विभाग द्वारा अनुदान राशि का स्वीकृति पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास पूर्णता पर अभिनंदन प्रमाण पत्र, नवीन राशन कार्ड, परिवहन विभाग द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस, श्रम कार्ड, नवीन जाब कार्ड, मछली पालन विभाग द्वारा मछली जाल, कृषि विभाग द्वारा बीज, सामाजिक सुरक्षा पेंशन स्वीकृति पत्र तथा दिव्यांग हितग्राहियों को ई-ट्राईसाइकल का वितरण किया।

समाधान शिविर में ग्राम पंचायत अछोली, खुर्सीटिकुल, आतरगांव, बादराटोला, खुर्सीपार, चिरचारीकला, चिरचारीखुर्द, केरेगांव, लक्ष्मणभरदा, मुंजालपाथरी, पदगुड़ा, सोमाझिटिया के ग्रामीणों से विभिन्न विभागों को प्राप्त कुल 2314 आवेदनों का निराकरण किया गया। जिनमें से 2286 आवेदन मांगों एवं 28 आवेदन शिकायतों से संबंधित थे। शिविर में पंचायत एवं ग्रामीण विकास, कृषि, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, खाद्य, स्वास्थ्य, शिक्षा, समाज कल्याण, विद्युत, वन, श्रम, पशुपालन, परिवहन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी सहित कुल 27 विभागों की सहभागिता रही। शिविर में विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रत्येक मांग व समस्या संबंधी आवेदनों का समाधान शिविर स्थल पर उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष किया गया एवं सभी निराकरणों की सार्वजनिक वाचन के माध्यम से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान किया गया।

## समाचार संक्षेप

### रेत के अवैध परिवहन पर की गई कार्रवाई,तीन हाइवा जब्त




**धमतरी 29 मई।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के सख्त निर्देश के बाद रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। विभाग के अधिकारियों ने आज भखारा क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन करते एक हाईवा जप्त किया, जिसे भखारा थाने में अभिरक्षा में रखा गया। इसी तरह धमतरी क्षेत्र से रेत का अवैध परिवहन करते दो हाईवा को जब्त किया गया है। इन वाहनों को कलेक्टोरेट स्थित कम्पोजिट भवन में अभिरक्षा में रखा गया है। जिले के खनिज अधिकारी हीरादास भारद्वाज ने बताया कि महानदी से लगे अमेठी क्षेत्र में भी जेसीबी की सहायता से परिवहन के लिए प्रयुक्त रैंप को 2-3 जगहों पर क्षतिग्रस्त किया गया। इसके बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। भारद्वाज ने यह भी बताया कि इन सभी प्रकरणों में खान एवं खनिज अधिनियम, गौण खनिज नियम के प्रावधानों के तहत अर्थदण्ड वसूली की कार्रवाई की जा रही है।

### सुशासन तिहार पर दामेश्वरी साहू, सीता साहू, जागृति साहू को मिली खुशियों की सौगात



**राजनांदगांव 29 मई।** सुशासन तिहार अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पटेवा का समाधान शिविर दामेश्वरी साहू, सीता बाई साहू, जागृति साहू एवं भिना यादव के लिए खुशियों की सौगात लेकर आया। ग्राम पटेवा की दामेश्वरी साहू ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उनको शिविर में मनरेगा के तहत जॉब कार्ड मिल गया है और उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिलेगा। ग्राम पटेवा की मती सीता बाई साहू को भी नया जॉब कार्ड प्राप्त हुआ। वहीं सुशासन तिहार में ग्राम गिधवा की जागृति साहू को नया राशन कार्ड मिला। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार में राशन कार्ड के लिए आवेदन किया था और तत्काल राशन कार्ड शिविर में प्राप्त हो गया है। उन्हें अब शासन के सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत 35 किलो चावल निःशुल्क प्राप्त होगा। जिससे उन्हें अपने परिवार के भरण पोषण में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि शासन की महतारी वंदन योजना अंतर्गत प्रतिमाह 1 हजार रूपए की राशि प्राप्त हो रही है। वहीं प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना के तहत 20 हजार रूपए की राशि मिली है। ग्राम गिधवा की भिना यादव ने बताया कि उन्हें राशन कार्ड मिल गया है। अब उन्हें प्रतिमाह 35 किलो चावल पीडीएस की दुकान से निःशुल्क मिलेगा। उन्होंने बताया कि वे स्कूल में मध्यान्ह भोजन अंतर्गत भोजन बनाने का कार्य करती है। उनके लिए निःशुल्क चावल मिलने से परिवार को बहुत मदद मिल जाएगी। उन्होंने बताया कि शासन की महतारी वंदन योजना का लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने राशन कार्ड मिलने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

### जिला पंचायत अध्यक्ष ने ग्राम आंतरगांव में बोर खनन का किया निरीक्षण



**राजनांदगांव 29 मई।** जिला पंचायत अध्यक्ष मती किरण वैष्णव ने छुरिया विकासखंड के ग्राम आंतरगांव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा किए गए बोर खनन का निरीक्षण किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने बोर का पानी पीकर जल की गुणवत्ता को परखा। उन्होंने कहा कि बोर से पाईप लाइन विस्तार से ग्रामवासियों को लाभ मिलेगा। पाईप लाइन विस्तार से ग्रामीणों के घरों तक स्वच्छ जल पहुंचेगा और 24 घंटे स्वच्छ जल प्राप्त किया जा सकता है। जिससे ग्राम में पेयजल की समस्या दूर होगी एवं ग्रामीणों को स्वच्छ जल मिलेगा। इस दौरान रविन्द्र वैष्णव जिला पंचायत सदस्य बिरम मंडावी, जनपद सदस्य भारती देवांगन, ग्राम के संरपच खुशबू साहू, सीता वैष्णव, ग्राम पटेल सुरेश साहू सहित पीएई विभाग के अधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका की भर्ती के लिए आवेदन 10 जून तक

■ एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण में

**धमतरी, 29 मई।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए उसी गांव-वार्ड की महिला से आगामी 10 जून तक आवेदन मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी ग्रामीण ने बताया कि ग्राम पंचायत आमदी के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 06 और मोंगरागहन के केन्द्र क्रमांक 02 में कार्यकर्ता की भर्ती के आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसी तरह आमदी के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 06, मुजगहन के केन्द्र क्रमांक 04 और 02, रूद्री के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रामंक 03 और 01, छाती के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 05 और 04 तथा मोंगरागहन के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 में सहायिका के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मंगाए गए हैं। परियोजना अधिकारी ने यह भी बताया कि सभी प्रमाण पत्रों के साथ आवेदन पत्र कम्पोजिट भवन के पास स्थित एकीकृत बाल विकास परियोजना ग्रामीण कार्यालय में जमा किया जा सकता है। इस संबंध में अधिक जानकारी संबंधित ग्राम पंचायत अथवा परियोजना कार्यालय में सम्पर्क कर ली जा सकती है।

## एक नजर

### राज्यपाल डेका पहुंचे धमतरी, कलेक्टर एसपी ने किया आत्मीय स्वागत'



**धमतरी, 29 मई।** राज्यपाल रमेन डेका आज दोपहर धमतरी पहुंचे। मुजगहन स्थित विश्राम गृह में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने राज्यपाल की अगुवाई की और पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान एसपी सूरज सिंह परिहार और जिला पंचायत की सीईओ मती रोमा वास्तव भी मौजूद रहीं। राज्यपाल डेका लगभग डेढ़ घंटे जिले में रहे और उन्होंने कलेक्टर सहित अधिकारियों से जिले में शासकीय योजनाओं विशेषकर केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। उन्होंने सभी योजनाओं से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश कलेक्टर को दिए। राज्यपाल ने कहा की योजनाओं के पात्र कोई भी हितग्राही लाभान्वित होने से ना छूटे। डेका ने जिले में कानून व्यवस्था की जानकारी भी एसपी से ली। उन्होंने जिलेवासियों की सुरक्षा के साथ उनकी संपत्तियों की रक्षा के लिए सभी संभव कार्रवाई करने को कहा। राज्यपाल ने जिले में चल रहे सुशासन तिहार के बारे में भी कलेक्टर से जानकारी ली। उन्होंने जिले में अभियान के दौरान मिले आवेदनों और उनके निराकरण की जानकारी भी कलेक्टर से ली। कलेक्टर मिश्रा ने बताया कि पूरे अभियान में जिले में दो लाख 27 हज़ार से अधिक आवेदन मिले थे। ज्यादातर आवेदन माँगो से संबंधित है। कलेक्टर ने बताया कि अभी तक 99 प्रतिशत से अधिक आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है और जिले में समाधान शिविर लगाकर लोगों को इसकी जानकारी भी दी जा रही है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि सुशासन तिहार में मिले आवेदनों के निराकरण में धमतरी जिला राज्य में पहले स्थान पर है। राज्यपाल डेका ने इस पर प्रसन्नता जताई।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र



**छुरिया, 29 मई।** राजनांदगांव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव विकसित कृषि संकल्प अभियान कार्यक्रम ग्राम पंचायत महाराजपुर में शामिल हुई। यह अभियान पूरे देश भर में 15 दिवसीय चलेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि केन्द्र की नरेंद्र मोदी जी की व केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार कृषि के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर किसानों की आय दुगुनी करने कृत संकल्पित होकर कार्य कर रही है। हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश में आदरणीय विष्णु देव साय जी व कृषि मंत्री रामविचार नेताम जी के नेतृत्व में किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो रही है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में आज किसान आत्मनिर्भर व सशक्त हो रहे हैं। जिससे आज छत्तीसगढ़ प्रदेश में धान के साथ साथ अनेक फसलों की भी खेती किसानों द्वारा की जा रही है।विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत लगभग पूरे देश के 700 जिलो में 2000 से अधिक वैज्ञानिक दलों की भागीदारी से ग्राम पंचायत पर जाकर किसानों से चर्चा कर खेती के नई तकनीक एवं शाशान की योजनाओ की जानकारी देंगे।पुरे देश के लगभग 1.5 करोड़ किसानों से वैज्ञानिक दल चर्चा करेंगे।इस अवसर पर आज ग्राम पंचायत महराजपुर में दो वैज्ञानिक दल योगेन्द्र श्रीवास्तव व आशीष गौरव शुक्ला ने किसानों से चर्चा कर उन्हें नई तकनीक से खेती व शाशन की योजना की जानकारी दी।

### मुख्यमंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नागरिक अभिनंदन समारोह में हुए शामिल

# युवा शक्ति है राष्ट्र शक्ति : साय

**रायपुर 29 मई।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मंडपम सभागार में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारी परिषद बैठक के तहत आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति है। हमारे देश में विश्व में सबसे ज्यादा युवा हैं। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है। यह बहुत खुशी की बात है की छत्तीसगढ़ की धरती पर यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय परिषद बैठक आयोजित हो रही है। शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। आज छत्तीसगढ़ में शिक्षा के सभी शीर्षस्थ संस्थान स्थापित हैं। आज हमारे प्रदेश में युवा आईआईटी, एम्स, ट्रिपल आईटी, नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी जैसे राष्ट्रीय संस्थानों में पढ़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में नई शिक्षा नीति लागू है। नई शिक्षा नीति के तहत हम युवाओं को




रोजगार से भी जोड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ में प्रयास जैसी संस्था स्कूली बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रही है। प्रयास में पढ़े बच्चे बड़ी संख्या में प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि ऐसे युवा जो सिविल सेवा आदि परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, उनके लिए नई दिल्ली में ट्राइबल यूथ हॉस्टल स्थापित है। हमने इस ट्राईबल यूथ हॉस्टल की क्षमता को बढ़ाकर 200 सीट कर दिया है। प्रदेश भर में हम नालंदा परिसर बना रहे हैं जहां बच्चे एक शांत वातावरण में पढ़ाई कर सकें। हमने यहां पहल की है कि मेडिकल की पढ़ाई भी छात्र हिंदी भाषा में कर पाएं। प्रदेश में प्राथमिक स्तर के बच्चों को उनकी मातृभाषा गोंडी, हल्बी आदि में शिक्षा दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति की पूरे देश में सराहना की जा रही है। नई औद्योगिक नीति के तहत हम न सिर्फ राज्य में निवेश ला रहे हैं बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध करा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में सेमीकंडक्टर चिप निर्माण और एआई डाटा सेंटर का कार्य प्रारंभ हुआ है। इन क्षेत्रों में भी युवाओं के रोजगार की बड़ी संभावना सृजित होगी। हमारी सरकार ने पीएससी में हुए भ्रष्टाचार की जांच सीबीआई को सौंपी है। युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ ना हो यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान डेढ़ साल में सरकार द्वारा किये कार्यों का फीडबैक हम जनता से ले रहे हैं। सुशासन तिहार का अभी तीसरा चरण चल रहा है, जिसके तहत हम पूरे प्रदेश का भ्रमण कर रहे हैं। प्रथम चरण में जो आवेदन प्राप्त हुए उनका द्वितीय चरण में हमारे अधिकारियों के द्वारा निराकरण किया गया। अब तृतीय चरण में हम जनता के पास जा रहे हैं। डेढ़ साल में हमने प्रधानमंत्री मोदी की अधिकांश गारंटी को पूरा किया है। लोगों से प्रधानमंत्री आवास देने का जो वादा हमने किया था उसे निभाया है। 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन की राशि मिल रही है। सुशासन तिहार के दौरान नारायणपुर में एक महिला ने मुझे यह बहुत खुशी से बताया कि महतारी वंदन की राशि से उसने एक सिलाई मशीन खरीदी है। जिसके माध्यम से वह 4 से 5 हजार की कमाई कर रही है। इसी तरह एक बहन ने बताया कि वह इस राशि से किराना दुकान चला रही है और दो से तीन हजार रुपए की आय अर्जित कर रही है। छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है जहां सुशासन एवं अभिसरण विभाग प्रारंभ किया गया है। सरकार के सारे काम पारदर्शिता से हो रहे हैं। हम अब डिजिटाइजेशन की तरफ बढ़ रहे हैं। ई-फाइल के माध्यम से फाइलें अब ऑनलाइन हैं। भ्रष्टाचार के सारे रास्ते हम बंद कर रहे हैं। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक किरण देव, विधायक मोतीलाल साहू सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

## संबलपुर के परमेश्वर और धनेश्वर को शिविर में मिला लर्निंग लायसेंस

■ समाधान शिविर करमतरा से हुए लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 29 मई।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम करमतरा में आयोजित समाधान शिविर संबलपुर निवासी परमेश्वर साहू और धनेश्वर साहू के लिए लाभकारी साबित हुआ। समाधान शिविर में त्वरित लर्निंग लायसेंस बनने से परमेश्वर साहू और धनेश्वर साहू ने खुशी जाहिर की। दोनों हितग्राहियों ने बताया कि समाधान शिविर की जानकारी मिलते ही उन्होंने लर्निंग लायसेंस बनाने के लिए आवेदन लेकर आए थे। उन्होंने अपना आवेदन परिवहन विभाग के स्टॉल में प्रस्तुत किया। जिस पर तत्काल लर्निंग लायसेंस बनाकर उन्हें प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि सोचा नहीं था कि समाधान शिविर में इतनी आसानी से और तत्काल लायसेंस बन जाएगा। परमेश्वर ने बताया कि वे ऑटो मैकेनिक है और धनेश्वर साहू घर बनाने वाले राजमिस्त्री है। परमेश्वर ने बताया कि वे एक-दो वर्ष से लायसेंस बनाने के लिए सोच रहे थे, लेकिन समय नहीं मिलने के कारण नहीं बना पा रहे थे। उन्होंने बताया कि गाड़ी



चलाते समय लायसेंस, बीमा जैसे सभी आवश्यक दस्तावेज होने चाहिए। इसके साथ ही हेलमेट पहनना भी बहुत जरूरी है। यातायात नियम के अनुसार गाड़ी चलाने वालों के पास लाईसेंस बहुत जरूरी है। इसका वैध पहचान पत्र के रूप में भी उपयोग किया जा सकता है। धनेश्वर साहू ने बताया कि उन्हें परिवहन विभाग के स्टॉल में लर्निंग लायसेंस के साथ ड्राईविंग के नियमों और सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इसके साथ ही आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया के संबंध में भी बताया गया। सही तरीके से वाहन चलाने के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से समाधान शिविर का आयोजन जनसामान्य के लिए बहुत अच्छी पहल की गई है और शासन की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो रहा है।

## टीम ने 31 मेडिकल स्टोर्स का किया औचक निरीक्षण

■ नशीली,अमानक दवा की बिक्री रोकने के लिए चलाया अभियान

**धमतरी 29 मई।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर जिले में स्वापक और मनःप्रभावी नशीली दवाओं की अवैध बिक्री तथा नशे के रूप में दुरूपयोग को रोकने के साथ ही आमलोगों सहित मरीजों को गुणवत्तायुक्त औषधियां उपलब्ध हो, इसके लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के दल द्वारा 31 मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान दवाओं की खरीदी-बिक्री से संबंधित दस्तावेज, अभिलेख और रजिस्टर की बारिकी से जांच की गई और नशीली दवाओं को पंजीकृत चिकित्सक की पर्ची पर ही बेचने के सख्त निर्देश दुकान संचालकों को दिए। निरीक्षण के समय 24 दुकानों में सीसी टीवी लगा हुआ पाया गया, शेष दुकानों में भी जल्द से जल्द सुरक्षा की दृष्टि से सीसी टीवी कैमरा लगाने के निर्देश दल द्वारा दिए गए।



### स्कूल, आंगनबाड़ी के आसपास तम्बाकू उत्पाद बिक्री पर की 16 चालानी कार्रवाई

**धमतरी 29 मई।** जिले के भखारा और सिलघट क्षेत्र में स्कूलों एवं आंगनबाड़ी के आसपास तम्बाकू और उससे बने उत्पादों की बिक्री करने वाली दुकानों पर निरीक्षण दल द्वारा चालानी कार्रवाई की गई। स्कूलों, आंगनबाड़ी, सार्वजनिक क्षेत्रों के आसपास के 100 मीटर क्षेत्र में ऐसी 16 दुकानों पर छापामार कार्रवाई में तम्बाकू उत्पादन बेचते पाए जाने पर दो हजार रूपये का जुर्माना भी वसूल किया गया है। जिला स्तरीय निरीक्षण दल ने यह कार्रवाई कोटपा एक्ट के प्रावधानों के तहत की है। निरीक्षण दल ने भखारा और सिलघट में यह कार्रवाई की है। यह कार्रवाई सार्वजनिक स्थान पर धुम्रपान करने वाले लोगों के साथ-साथ कोटपा एक्ट का उल्लंघन करने वाले जनरल स्टोरों, पान दुकानों, चाय दुकानों और किराना दुकानों में की गई है। कार्रवाई के दौरान निरीक्षण दल ने सभी दुकानों में तम्बाकू नियंत्रण के लिए वैधानिक चेतावनी वाले बोर्ड लगाने के भी निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को गुटखा, तम्बाखू या तम्बाखू उत्पाद बेचने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। कार्रवाई करने वाले निरीक्षण दल में औषधि निरीक्षक सुमित देवांगन, और सामाजिक कार्यकर्ता विकास कुमार सहित पुलिस विभाग के आरक्षक शामिल रहे हैं।

## जिला एवं तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 29 मई।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने मानसून सत्र 2025 में प्राकृतिक आपदा, बाढ़, अतिवृष्टि की संभावित स्थिति को देखते हुए बचाव एवं राहत व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु जिला स्तर पर संयुक्त जिला कार्यालय भवन स्थित (कलेक्टोरेट) कक्ष क्रमांक 11 में 1 जून से 15 अक्टूबर 2025 तक बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। नियंत्रण कक्ष 24 घंटे निरंतर क्रियाशील रहेगी। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07744-220557 है एवं राहत आयुक्त कार्यालय मंत्रालय नवा रायपुर का दूरभाष क्रमांक 2223471 फैक्स नंबर 2223472 है। इसके अतिरिक्त कार्यालयीन अवधि में भू-अभिलेख शाखा में स्थापित दूरभाष क्रमांक 07744-227028 पर भी आपात स्थिति की सूचना दी जा सकती है।

इसके साथ ही कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिला स्तर व तहसील स्तर पर स्थापित बाढ़ नियंत्रण कक्ष की भौगोलिक स्थिति एवं प्रभारी अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। संयुक्त जिला कार्यालय भवन (कलेक्टोरेट) स्थित कक्ष क्रमांक 11 में 24 घण्टे क्रियाशील जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07744-220557, 227028 है। संयुक्त कलेक्टर एवं प्रभारी अधिकारी राहत शाखा मती सरस्वती बंजारे को जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। मती सरस्वती बंजारे का मोबाईल नंबर 9131015171 है।

तहसील डोंगरगढ़ में तहसील स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07823-232244 है। तहसीलदार डोंगरगढ़ मुकेश कुमार ठाकुर बाढ़ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी है। तहसील डोंगरगढ़ में तहसील स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07744-225403 है। तहसीलदार राजनांदगांव अमिय वास्तव को बाढ़ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अधिकारी है।

## सुशासन तिहार:2 हजार आवेदन देने वालों को निराकरण की जानकारी दी

■ इंडोर स्टेडियम में किया समाधान शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**धमतरी 29 मई।** प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार के तहत आज धमतरी नगरनिगम क्षेत्र में इंडोर स्टेडियम में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में लगभग दो हजार आवेदनों के निराकरण की जानकारी आवेदनकर्ताओं को दी गई। शिविर में महापौर श्री रामू रोहरा और कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा भी शामिल हुए। इस शिविर में लगभग 20 वार्डों से नागरिक शामिल हुए और अपने आवेदनों पर की गई कार्रवाई की जानकारी ली। इस शिविर में शामिल वार्डों से सुशासन तिहार के दौरान एक हजार 920 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से एक हजार 664 आवेदन मांग और 256 आवेदन शिकायतों से जुड़े थे।



नगरनिगम के अधिकारियों द्वारा इनमें से एक हजार 905 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। शेष बचे 15 आवेदनों को निराकरण के लिए राज्य स्तरीय कार्यालयों को भेजा गया है। इंडोर स्टेडियम में आयोजित इस समाधान शिविर में श्रम विभाग द्वारा नोनी सशक्तिकरण योजना के तहत सहायता राशियों के चेक वितरित किए गए। राजस्व विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को जाति प्रमाण पत्र और ऋण पुस्तिकाएं वितरित की गईं। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के 5 हितग्राहियों को घर की चाबी दी गई। वहीं पेंशन शाखा द्वारा दो बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि भी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 5 बुजुर्ग महिलाओं को 5 लाख रूपये तक का निःशुल्क इलाज कराने के लिए आयुष्मान वय वंदना कार्ड दिए गए। साथ ही टीबी मरीजों को फुड बास्केट वितरित किए गए और 124 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। महिला कोष से स्वरोजगार स्थापित करने के लिए चन्द्रहासिनी स्व सहायता समूह को दो लाख रूपये और त्रिवेणी स्वसहायता समूह को एक लाख रूपये की धनराशि के चेक भी प्रदान किए गए। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किशोरी बालिकाओं को पोषण कीट प्रदान किए गए।

## संपादकीय

## आतंकवाद पर नीति अब जाकर बदली है

आतंकवाद से भारत तीन दशक से परेशान है, कई सरकारें आई-गईं लेकिन आतंकवाद पर नीति जैसी शुरू में थी, वैसी ही 2014 तक बनी रही। किसी सरकार ने आतंकवाद पर नीति बदलने की जरूरत महसूस नहीं की। आतंकवाद पाकिस्तान प्रायोजित है, आतंकवादी पाकिस्तान से ही प्रशिक्षिति होकर भारत आते है और बम विस्फोट कर, बड़ी संख्या में लोगों को मारकर वापस पाकिस्तान भाग जाते थे। यह सभी सरकार को मालूम था। फिर भी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ देश की नीति जैसी थी, वैसी ही 2014 तक रही। सरकारों ने क्या किया। आतंकवाद की घटना की निंदा की। विश्व मंच पर इसे ले गए, ज्यादा हुआ तो अमरीका से शिकायत कर दी कि पाकिस्तान भारत में आतंकवाद के लिए जिम्मेदार है, इसके सबूत दे दिए गए। कई बार सबूत दिए गए, कई बार शिकायत की गई लेकिन आतंकवाद भारत के लिए गंभीर समस्या था और बना रहा। देश के राज्यों में बम विस्फोट होते रहे, लोग मारे जाते रहे, मुंबई हमले में 200 से ज्यादा लोग मारे गए, यह बड़ी आंतकवादी घटना थी लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई करने से सरकार डर गई।एक डर सरकार को पाकिस्तान के परमाणु हमले का था तो एक डर मुसलमान वोट बैंक के नाराज हो जाने का था। जब संसद पर हमला हुआ तब भी सरकार के पास मौका था कि वह पाकिस्तान के खिलाफ किसी तरह की कार्रवाई कर सकती थी। कई मौके आए, कई बड़ी घटनाएं हुई लेकिन देश की किसी सरकार ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी नीति को बदलने की जरूरत महसूस नहीं की। आतंकवादी बड़ी आसानी से किसी भी राज्य तक पहुंच जाते थे और आतंकवादी घटना को अंजाम देकर वापस चले जाते थे।हाल यह था कि देश की हर घटना की पीछे एक वर्ग विशेष के लोगों के होने के बाद भी लोग उसे वर्ग विशेष का आतंकवाद नहीं कहते थे, देश के कई राजनीतिक दलों की सोच थी कि अगर आंतकवाद को उस वर्ग विशेष से जोड़ा गया तो वर्ग विशेष के लोग नाराज हो जाएंगे। इससे देश के कई राजनीतिक दलों के लगता था कि वर्ग विशेष के लोग नाराज हो जाएंगे तो उनको चुनाव में राजनीतिक नुकसान हो जाएगा। तब यही कहा जाता था कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। आंतकवाद के मामले में जितने लोग पकड़े जाते थे या मारे जाते थे सब एक धर्म विशेष के ही होते थे। कई बार तो देश में ऐसी भी कोशिश हुई कि एक धर्म विशेष के आंतकवाद के विरोध में दूसरे धर्म विशेष के आतंकवाद की कल्पना की गई। यानी यह बताने की कोशिश की गई कि आतंकवाद एक धर्मविशेष तक ही सीमित नहीं है, आतंकवाद तो दूसरे धर्म के लोग भी फैला रहे हैं। यानी देश में आतंकवाद है तो वह एक धर्म के लोग ही नहीं फैला रहे है, दूसरे धर्म के लोग भी फैला रहे हैं। एक आतंकवाद का जवाब दूसरा आतंकवाद है। यह सिलसिला 2014 तक चलता रहा। राजनीतिक दलों को आतंकवाद के लिए पाकिस्तान को सबक सिखाना था लेकिन ऐसा करने की जगह वह आपस में लड़ते रहे,एक दूसर पर आरोप लगाते रहे। यही दौर था जब इस देश के एक विवि में नारे लगते थे कि भारत तेरे टुकड़े होंगे इंशा अल्लाह, इंशा अल्लाह। यही दौर था जब नारे लगते थे कितने कितने अफजल मारोगे, हर घर से अफजल निकलेगा। यही दौर था जब देश के लिए शहीद होने वाले जवानों की अंतिम यात्रा में जितनी भीड़ नहीं होती थी उससे ज्यादा भीड़ किसी आतंकवादी के मारे जाने पर उसकी अंतिम यात्रा में होती थी। यही वह दौर था जब देश की सुप्रीम कोर्ट के दरवाजे आतंकवादी के लिए रात को खुलवा दिए जाते थे, यही वह दौर था जब आंतकवादी घटनाओं में शामिल लोगों को जमानत मिल जाती थी। यही वह दौर था जब आंतकवाद की बड़ी बडी घटनाओं पर बड़ी कार्रवाई करने की जरूरत थी लेकिन की नहीं गई। देश आज जिस तरह पहलगाम की घटना के विरोध में नाराज होता और कार्रवाई चाहता था, तब भी चाहता था लेकिन तब न देश में मजबूत सरकार थी और न मजबूत नेता। देश में लंबे समय तक साझा सरकार का दौर रहा। राजनीतिक दलों की कोशिश देश बचाने व देश के लोगों को बचाने की जगह सरकार को बचाने की ज्यादा रहती थी। दो मजबूत सरकारों के बाद तीसरी बार बनी मोदी सरकार भी तो साझा सरकार है, दो दलों के समर्थन से चल रही सरकार है। बड़े फैसले लेने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत होती है। यह इच्छाशक्ति मोदी सरकार ने कई बार दिखाई है और आतंकवाद के खिलाफ पुरानी नीति बदली है और नई नीति बना दी है । नई नीति यह है कि पाकिस्तान यदि भारत पर आतंकवादी हमला करता है तो यह एक्ट आफ वार माना जाएगा और भाजपा पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई करेगा। इसके लिए वह किसी विश्व मंच पर नहीं जाएगा और किसी देश के पूछेगा भी नहीं। अभी तक विश्व में अमरीका व इजराइल ही दो देश ऐसे थे जिन्होंने आतंकवादी हमला होने पर आतंकवादियों के खिलाफ दूसरे देश में घुसकर कार्रवाई की और आतंकवादियों को मारकर संदेश दिया है कि हम पर हमला कोई आतंकवादी या संगठन करेगा तो उसे तलाश कर मार दिया जाएगा। भले ही इसमें कितना ही वक्त लगे। पहले भारत की आतंकवाद पर भारत की नीति यह थी कि आतंकवाद फैला रहे देश से डरते रहो, उसके खिलाफ कोई कार्रवाई न करो। विश्व संस्था व बड़े देशों से शिकायत करते रहो। अब आतंकवाद पर भारत की नीति यह है कि आतंकवाद के खिलाफ दुनिया के देशों को एकजुट करो, उसके खिलाफ हर तरह की कार्रवाई के लिए विश्वमत बनाओ,उसे पूरी दुनिया से अलगथलग कर दो।उससे डरने की जगह उसे डराओ की कि तुम अब किसी भी तरह की आतंकवादी हमले किए तो इसका खामियाजा तुम्हें भुगतना पड़ेगा। तुम दुनिया से मदद के लिए तरस जाओगे लेकिन कोई देश किसी तरह की मदद नहीं करेगा। पहले की सरकारें पाकिस्तान की आतंकवादी हरकतों के बाद भी संकट के समय उसकी मदद करती थी लेकिन मोदी सरकार ने साफ कर दिया है कि यदि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देता रहा तो उसको दिया जा रहा पानी रोक दिया जाएगा और पानी के लिए तरसा दिया जाएगा। यह नया भारत है,आतंकियों को पनाह देने वालों को जिस तरह की भी सजा दी जा

चिंतन


# मान-सम्मान का लेमिनेशन

✍ अतुल मलिकराम

जब भी किसी व्यक्ति को कोई नई जिम्मेदारी मिलती है, तो मेहनत और लगन के साथ ही व्यक्ति के भीतर आत्म सम्मान की भावना भी बढ़ जाती है, साथ ही बढ़ जाता है भाव दूसरों से खुद का सम्मान कराने का। इस भाव की तुलना मैं घमंड से कतई नहीं करूँगा, लेकिन यह स्वाभाविक है इसलिए इसे नकारा भी तो नहीं जा सकता है न.. व्यक्ति यह भूल जाता है कि स्थायी कुछ भी नहीं है, जिम्मेदारी भी नहीं.. आज आप हैं, कल कोई और आएगा, परसो कोई और.. यह सिलसिला निरंतर रूप से चलता रहता है, फिर इस स्थिति को आप कहीं से भी जोड़कर देख लीजिए.. वह कहते हैं न कि कोई भी काम 21 दिन तक लगातार कर लो, तो वह आदत बन जाती है। कुछ ऐसा ही मान-सम्मान के मामले में भी है। आप किसी भी पद पर बैठे हों, मान-सम्मान आपकी पद-प्रतिष्ठा का होता है, यह बात और है कि हम उसे खुद का समझ बैठते हैं। सत्य तो यह है कि जैसे ही पद-प्रतिष्ठा खत्म, वैसे ही मान-सम्मान भी खत्म.. कुल मिलाकर, यह मान-सम्मान मात्र लेमिनेशन से अधिक कुछ भी नहीं है..

काम-काज के मामले में ही देख लीजिए.. मैं इसे एक उदाहरण के माध्यम से आपको समझाता हूँ.. हर दिन की तरह ही श्यामलाल जी सुबह नौ बजे तैयार हो गए। सरकारी दफ्तर में जो काम करते थे। निष्ठावान थे, सो ड्राइवर का इंतज़ार न हुआ, दफ्तर पहुँचने में लेट हो जाते न इसलिए.. 9:15 बजे तक तो ठीक था, लेकिन इसके बाद श्यामलाल जी के सब्र का बाँध टूट गया, बस फिर क्या था, अपने ड्राइवर बद्री को कॉल लगाकर चिल्ला उठे, बद्री कहाँ हो? मैं कबसे तुम्हारा इंतज़ार कर रहा हूँ, तुम कार लेकर अब तक नहीं आए, मुझे दफ्तर के लिए देरी हो रही है।

दूसरी तरफ से आवाज़ आई, श्यामलाल जी! आप कल रिटायर हो चुके हैं, मैं नए अफ्सर के घर पर हूँ। गाड़ी भी यहीं है। श्यामलाल जी कुछ बोल पाते, उससे पहले ही फिर बद्री बोल पड़ा, हाँ, आप अधिकारी रहे हैं, कागजी कार्रवाई को ज्यादा मानते हैं, तो कल मिले आदेश को एक बार फिर से पढ़ लीजिए। अब आप नौकरी के बंधनों और सुविधाओं से मुक्त हैं।



श्यामलाल जी को बद्री की यह बात भीतर तक चुभ गई। चुभना स्वाभाविक था, कल तक साहब-साहब पुकारकर जान निकालकर रख देने वाला बद्री आज उनसे नाम लेकर बात जो कर रहा था। उनसे यह सहा न गया और वे बद्री पर फूट पड़े, क्या हो गया तुम्हें, सीधे नाम लेने लगे?

इस पर बिना लाग-लपेट के विनम्रतापूर्वक बद्री ने जवाब दिया, साहब का संबोधन उस पोस्ट के लिए था, जो आप धारण करते थे। अब चूँकि पद नहीं रहा, तो आप श्यामलाल जी ही तो रह गए न!

सन्नाटे से घिरे श्यामलाल जी कुछ सेकंड के लिए जैसे सन्न रह गए। उन्हें बद्री से ऐसी उम्मीद तो नहीं थी। वे बहुत देर तक सोच-विचार करते रहे। क्या रिटायर हो जाने से अपने अधीन काम करने वाले लोग मेरे साथ अब ऐसा व्यवहार करेंगे? यह सवाल बार-बार श्यामलाल जी के मन को भीतर तक कौंद रहा था। उन्हें समझ ही नहीं आ रहा था कि अपनी भावनाएँ साझा करें भी, तो किससे? दुर्भाग्यवश पत्नी इस दुनिया में नहीं थीं। दोनों बेटे भी देश से बाहर जॉब कर रहे थे। घर में काम करने वाले लोगों के चेहरे ही सबसे अधिक नज़दीक थे, लेकिन उनसे दिल की यह बात साझा करना श्यामलाल जी को मुनासिब न लगा।नौकरी भी नहीं रही कि वहाँ किसी के सामने अपने मन की भड़ास निकाली जा सके। चाहकर भी श्यामलाल जी अफ्सरी के मोड से एक्जिट नहीं ले पा रहे थे। सीधे हेयर सैलून पहुँचे और मुंडन करा लिया। शायद दिमाग में घात लगाए बैठा वजन कुछ कम हो सके, लेकिन मजाल है कि पॉवर का बोझ टस से मस भी हो जाए। नौकरी का पद जैसे खाल की तरह शरीर से चिपक गया था।

दिन भर बौखलाते रहे, लेकिन चैन-ओ-सुकून कहीं न मिला। रोशनी और हवा भी किसी काँटे की तरह चुभ रही थी, सो स्टोर रूम में जाकर बैठ गए। लगभग 2 घंटे बैठने के बाद श्यामलाल जी की नज़र बरसों पुरानी एक संदूक पर पड़ी। यह संदूक उन्होंने सरकारी नौकरी लगने के कुछ ही समय पहले सहेजकर स्टोर रूम में रख दी थी। संदूक छोटी-सी थी, लेकिन यादें बहुत बड़ी थीं उसमें। युवा अवस्था के दिनों में भविष्य को लेकर चिंतित श्यामलाल जी की फटी कमीज और पजामा उसमें से निकला, बस फिर क्या था बैठ गए पहनकर। सुकून की चंद झलक माथे पर दिखी। कुछ देर बाद बाहर निकले और माता-पिता की फोटो के सामने जाकर खड़े हो गए। एकाएक ही उन्हें यूँ महसूस हुआ जैसे पिता जी उनके ठीक सामने आकर खड़े हो गए हैं, और अपने श्याम को प्यार भरी निगाहों से देख रहे हैं। अचानक अपने भीतर से उन्हें पिता जी की आवाज़ सुनाई दी, श्यामू! तुमने स्कूल और कॉलेज दोनों की पढ़ाई अच्छी तरह पूरी की। कड़ी मेहनत कर सरकारी नौकरी भी हासिल की। जब तुमने कॉलेज की पढ़ाई शुरू की, तो तुम्हें स्कूल को छोड़ना ही पड़ा न! और जब तुम्हारी नौकरी लगी, तब ऐसा तो नहीं था न कि तुम कॉलेज को छोड़ ही नहीं पाए, और नौकरी शुरू होने के बाद हर दिन दफ्तर जाने के बजाए कॉलेज जाने की इच्छा जताते रहे? तो, आखिर क्या कारण है कि रिटायरमेंट के बाद भी अफ्सरी की चादर ओढ़े हुए हो? तुम हमारे श्यामू हो, जो हर परिस्थिति में खुद को ढालने की ताकत रखता है, न कि एक ही बात के लिए अड़े रहने वाला और अपनी अकड़ में रहने वाले श्यामलाल साहब। पिता जी की चंद बातों ने जैसे श्यामलाल जी के पूरे शरीर और यहाँ तक कि मन तक के बोझ की भारी-भरकम गठरी उठाकर नीचे जमीन पर रख दिया। अब जाकर, उन्हें यह बात समझ में आई कि पद का ठाठ और मन का हठ, दोनों ही हट चुके हैं।

हमारे लिए भी यह जरूरी है कि हम अपने पद और जिम्मेदारी को सेवा के रूप में देखें, न कि व्यक्तिगत गौरव के स्रोत के रूप में। जब हम अपने पद का महत्व समझते हैं और उसे सही तरीके से निभाते हैं, तो हम समाज और संगठन के लिए मूल्यवान बनते हैं। लेकिन जैसे ही हम इसे अपने व्यक्तिगत सम्मान का विषय बना लेते हैं, समस्याएँ शुरू हो जाती हैं। असल में, हमारा असली मूल्य हमारे काम और विचारों में होता है, न कि हमारे पद और प्रतिष्ठा में। पद और प्रतिष्ठा समय के साथ बदलते रहते हैं, लेकिन हमारे काम और विचार स्थायी होते हैं। जब हम अपने काम से दूसरों पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं, तो हमें सच्चा सम्मान मिलता है, जो किसी पद या प्रतिष्ठा से नहीं जुड़ा होता।

अगर हम अपने पद के साथ जुड़ी प्रतिष्ठा को ही सब कुछ मान लें, तो हमारे भीतर असुरक्षा आ जाती है। हम हमेशा डरते रहते हैं कि कहीं हमारा पद न चला जाए, जिससे हमारा सम्मान भी चला जाएगा। इस डर के कारण हम अपने काम में लापरवाही करने लगते हैं और कई बार गलत रास्ते भी अपना लेते हैं।लेकिन जब हम समझते हैं कि मान-सम्मान और पद अस्थायी हैं और असली सम्मान हमारे काम और चरित्र में है, तो हम अपने कर्तव्यों को ईमानदारी और निष्ठा से निभाते हैं। हम अपने पद को सेवा का माध्यम मानते हैं और अपने काम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की कोशिश करते हैं। हमें यह समझना चाहिए कि जीवन में कुछ भी स्थायी नहीं है, यहाँ तक कि जिम्मेदारियाँ और पद भी नहीं। यह सोच हमें न सिर्फ सकारात्मक बनाती है, बल्कि हमें घमंड से भी दूर रखती है और एक सच्चा इंसान बनने का मौका देती है।

**(लेखक और राजनीतिक रणनीतिकार)**

## राशिफल

**मेषः** आज आपका दिन खुशहाल बीतेगा। शिक्षा से रिलेटेड आपकी मनोकामना पूरी होगी। आपको परीक्षा में अच्छे अंकों के साथ रिज़ल्ट मिलेंगे। अच्छे कॉलेज में आप एडमिशन पाएंगे। आगे चलकर आपको सुनहरे अवसर मिलने की संभावना बढ़ेगी। आप अपने खानपान पर ध्यान रखेंगे। जिससे आपकी सेहत फिट एण्ड फाइन रहेगी। एजुकेशन सेक्टर में काम कर रहे लोगों को आज अच्छा फायदा होगा। आपको अपनी वाणी पर संयम रखना होगा, आपकी एक गलत बात आपको परेशानी में डाल सकती है। आज आप किसी वृद्ध महिला का सहयोग करेंगे, आपका दिन अच्छा गुजरेगा।

**वृषः** आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। जो लोग नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने कार्यक्षेत्र में दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। उच्च अधिकारियों द्वारा आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। व्यवसाय कर रहे लोग नई-नई योजनाओं को लागू करेंगे, जिससे व्यापार को आगे बढ़ा सके। राजनीति के क्षेत्र में आपकी छवी मजबूत बनेगी, ज्यादा लोगों से आप जुड़ेंगे। सहयोगियों से हर संभव मदद मिलती रहेगी। सगे -संबंधियों से आपको सहायता मिल जाएगी। आज किसी भी स्थिति में आपको अपने समय का ख्याल रखना चाहिए।

**मिथुनः** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज आपके सामने लाभ के कुछ नए अवसर आयेंगे, जिन्हें आपको छोड़ना नहीं है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। आज आपके कठिन परिश्रम का लाभ मिलने से मन में ख़ुशी का भाव बना रहेगा। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे। आज आप अपने लक्ष्य से भटक भी सकते है, किन्तु अपनों का साथ आपको सही दिशा में ले जायेगा। जॉब के कुछ अच्छे ऑफर आज आपको मिल सकते हैं। जहां जरूरत होगी, वहां समझौता करने के लिए आज आप तैयार रहेंगे।

**कर्कः** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशियां लाने वाला है। नये काम करने की सोच से आपको धन लाभ के अवसर मिलेंगे। लोग आपकी योजना पर काम करने के लिए आपसे सलाह लेंगे। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। छात्र अपनी पढ़ाई में नए बदलाव करेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। नौकरी कर रहे लोगों को आज दिए गए कार्यों को समय पर पूरा करना होगा, नहीं तो सीनियर से डांट भी खानी पड़ सकती है। लवमेट के साथ लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा।

**सिंहः** आज आपका दिन पाज़िटिव रहेगा। बिजनेस के सिलसिले में बनाई गई योजनाएं कारगर साबित होगी। आपके लिए धन लाभ की संभावना बढ़ेगी। मास इन मीडिया कम्युनिकेशन के छात्रों के लिए खास अवसर मिलने की संभावना है। आपके अंदर कलात्मक चीजों के प्रति उत्साह पैदा होगा। आप किसी क्राफ्ट एग्जीबिशन में मित्रों के साथ जा सकते हैं। आप अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखेंगे। किसी भी बात के लिए तुरंत प्रतिक्रिया देने से बचें। जीवनसाथी के साथ आपकी तालमेल अच्छी बनी रहेगी। संतान पक्ष से खुशखबरी मिलेगी। अच्छे स्वास्थ्य के लिए काम के साथ आराम भी जरुरी है।

**कन्याः** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। प्रॉपर्टी खरीदने का विचार बना रहे लोग आज किसी प्रॉपर्टी डीलर्स से बातचीत करेंगे। आज आपको बिजनेस के सिलसिले में राज्य से बाहर जाना पड़ सकता है। आज किसी को मामूली बात पर डांटने की बजाय विनम्रता से समझाये। आपका दिन बहुत अच्छा बीतेगा। आपके अन्दर कॉन्फिडेंस बना रहेगा। आपकी धार्मिक कार्यों में रूचि बढ़ेगी। आज आपके खर्च में बढ़ोत्तरी होगी। आज बेकार में समय न गवाकर कुछ न कुछ काम करते रहें।

**तुलाः** आज का दिन आपके लिए बहुत ही अच्छा रहने वाला है। इस राशि के जो लोग नौकरी कर रहे हैं वह दिए गए काम को पूरा करने में सफल होंगे। आज आप दफ्तर से जल्दी निकलने की कोशिश करेंगे और वह काम करेंगे 7 बीते दिनों में जितना धन इन्वेस्टमेंट किया था, उसका फायदा आपको आज मिल सकता है। परिवार वालों का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा। आज आपकी निजी लाइफ बेहतर रहेगी। परिवार के लोगों के साथ आप घूमने जाने की योजना बनाएंगे।

**वृश्चिकः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा और यह सीखेंगे के धन को कैसे बचा कर रखा जाता है, जिससे भविष्य में कोई परेशानी ना हो। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे। सभी लोग आपके द्वारा किए गए कार्यों से काफी खुश नजर आएंगे। आप अपने बिजी दिन में से कुछ समय अपने बच्चों के लिए निकालेंगे। आज आप माता-पिता से अपने मन की बातों को साझा करेंगे।

**धनुः** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आप अपने आप को काफी तरोताजा महसूस करेंगे, जिससे आप अपने सभी कार्यों को समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज मित्रों की सहायता से आपको आय के अवसर मिलेंगे, जिनसे आप लाभ कमा कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएंगे। आज का दिन आनंद से भरा रहेगा, आप जिंदगी को पूरी तरह जिएंगे। आज लंबे समय से कर्जा आदि से आखिरकार आपको छुटकारा मिल जाएगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मकरः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। परिवार का सहयोग मिलेगा। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जाने की योजना बनाएंगे। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। आप जीवन साथी के साथ परिवार की भलाई के लिए कार्य करते हुए नजर आएंगे और सदस्यों का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। पिताजी आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए धन खर्च करेंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**कुंभः** आज आपका दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपका सोचाहुआ काम आज पूरा हो जायेगा। समाज मे आज आपको मान-सम्मान मिलेगा। अपने अच्छे स्वास्थ्य के लिए आप सीजनल फ्रूट शामिल करेंगे। आज परिवारजन आपसी सामजस्य द्वारा घर की किसी समस्या का समाधान निकालने में सक्षम रहेंगे। आप अपने दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनायेंगे। सेहत के लिए मोर्निंग वाक आपके लिए फायदेमंद रहेगा। आज अचानक हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत करेगा।

**मीनः** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपमे चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आज बिना किसी मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे। आज की शाम अपने जीवनसाथी के साथ बाहर खाना या घूमना आपको सुकून देगा और खुशमिजाज बनाए रखेगा। रात को अपने मित्रों से आप फोन

## महत्वपूर्ण फैसला

# डिजिटल युग में सामाजिक रिश्तों की नई परिभाषा

✍ हर्ष शुक्ला

एक समय था जब रिश्तों की बुनियाद मोहल्ले की गलियों, आंगन की बैठकों और चिट्ठियों में लिखे शब्दों से जुड़ी होती थी। आज, हम उस मोड़ पर खड़े हैं जहाँ तकनीक ने संवाद की दिशा ही नहीं, उसकी आत्मा को भी बदल दिया है। डिजिटल युग ने रिश्तों को भौगोलिक सीमाओं से मुक्त किया है, लेकिन भावनात्मक दूरी का एक नया संसार भी रच दिया है। वर्तमान समय में स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स ने संवाद को पहले से कहीं अधिक सुलभ बना दिया है। हम हजारों किलोमीटर दूर बैठे अपनों से पलक झपकते जुड़ सकते हैं, वीडियो कॉल्स से चेहरों को देख सकते हैं और इंस्टेंट मैसेजिंग से संवाद कर सकते हैं। लेकिन इसी सहजता में एक विडंबना भी छिपी है–हम डिजिटल रूप से जितना जुड़ते जा रहे हैं, भावनात्मक रूप से उतना ही अलग होते जा रहे हैं। परिवार में सदस्य एक ही छत के नीचे रहकर भी अपने-अपने स्क्रीन में खोए रहते हैं। लाइक और शेयर की दुनिया में कैसे हो? और सब ठीक है? जैसे आत्मीय सवाल कहीं खो जाते हैं। पुराने समय में रिश्ते समय, धैर्य और समझ से मजबूत होते थे। आज, सोशल मीडिया पर फ्रेंड रिक्वेस्ट से शुरू होकर ब्लॉक तक का सफर चंद मिनटों में तय हो जाता है। डिजिटल रिश्ते अक्सर तात्कालिक होते हैं और उनमें वास्तविक जीवन जैसी आत्मीयता, विश्वास और निरंतरता की कमी दिखाई देती है। ऑनलाइन संवाद की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वह गैर-मौखिक संकेतों से विहीन होता है–न चेहरे का भाव, न स्वर की ऊष्मा। इमोजी से भावना जताई जाती है, पर वह भावनाओं को पूरी तरह व्यक्त नहीं कर पाती। डिजिटल माध्यमों ने रिश्तों में नए आयाम भी जोड़े हैं। लंबे समय से दूर रहने वाले रिश्तेदारों से संपर्क बनाए रखना अब पहले से कहीं अधिक आसान है। समान सोच वाले लोग विभिन्न ऑनलाइन मंचों पर एक-दूसरे से जुड़कर समाज के प्रति जागरूकता फैला सकते हैं। आपात स्थितियों में त्वरित संवाद और सहायता देना भी संभव हो सका है। लेकिन इन सुविधाओं के साथ कई खतरे भी जुड़े हैं–साइबरबुलिंग, गोपनीयता का हनन, और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसे जोखिम। सोशल मीडिया पर दूसरों की आर्दश जिंदगी देखकर अपनी वास्तविकता से असंतोष उत्पन्न होना भी आम हो गया है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर पड़ता है।

आदरांजलि

जन्म -सन् 1929, निर्वाण 24 मई, 2025

# ऋषि तुल्य व्यक्तित्व रामजीलाल अग्रवाल

छत्तीसगढ़ की राजधानी में अविभाजित मध्यप्रदेश से लेकर वर्तमान काल तक जिन-जिन व्यक्तित्वों को सामाजिक सफलता का प्रतीक माना गया उनमें आदर्श उदाहरण रहे- श्री रामजीलाल अग्रवाल। जीवन पर्यंत जिन्होंने पीड़ित मानवता के कल्याण की अपनी राह नहीं छोड़ी। टीबा बसाई झुंझनू, [राजस्थान] से आकर छत्तीसगढ़ के रायपुर में रच बस गए और इस माटी के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। आज 96 वें वर्ष उन्होंने अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण कर मोक्ष की यात्रा अंगीकार कर ली।

ऋषि तुल्य गौ साधक रामजीलालजी ने जितना जीवन जीया वह केवल अग्रवाल सभा के लिए ही नहीं, अन्य समाजों के लिए भी प्रेरक बना रहा। एक व्यक्ति अपने जीवन में परिवार सहित समाज के कल्याण की खातिर किस हद तक सोच सकता है वे इसका अतुलनीय उदाहरण थे। सही मायनों में अनथक कर्म योगी। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान उन्हें वरिष्ठ समाजसेवी, गौसेवक के रूप में पहचानता था।

अग्रवाल समाज के राष्ट्रीय संरक्षक तो वे थे ही। इन सबके पहले एक विशाल कुटुम्ब को संभालने वाले आदर्श परिवार के मुखिया भी थे। श्रीमती सावित्री देवी अग्रवाल, गोपालकृष्ण अग्रवाल, राजधानी के सांसद एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मध्यप्रदेश - छत्तीसगढ़ बृजमोहन अग्रवाल, विजय अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, यशवंत अग्रवाल के वे पिता और श्री विष्णु अग्रवाल के बड़े भाई, पूरनलाल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल के चाचा, एवं देवेंद्र अग्रवाल, गणेश अग्रवाल के ताऊजी थे।

रामजीलाल अग्रवालजी से जो कोई एक बार मिल ले तो उन्हें भूलता नहीं था। ता-उम्र शुभ वस्त्रों में रहे। गांधी टोपी उनकी सुगठित कदकाठी को अधिक सम्मोहक बनाती थी। उनका जीवन संघर्षों की मिसाल था तो सफलता का भी सुंदर प्रतीक था। सक्रियता के दौर तक उन्होंने भरपूर जीवन जीया और दूसरों को प्रेरणा देते रहे। कैसी भी परिस्थितियाँ क्यों न रही हों, व्यक्ति को सदैव अपना आत्मविश्वास बनाये रखना चाहिए। जीवन में दुःख और निराशा को वे पानी का बुलबुला कहते थे जो टिकता नहीं।

प्रत्येक आगंतुकों के लिए सदैव मुस्कुराते हुए उपलब्ध रहना वैसा गुण आज के समय में दिखाई नहीं देता! अपनी सक्रियता के दिनों में वे हरेक के लिए उपलब्ध रहा करते थे। उनसे कोई कभी भी मिल सकता था। आगंतुकों की उम्मीदों को यथा संभव पूरा करने की सकारात्मकता ऐसी कि कोई भी मुग्ध हो जाए। स्वास्थगत समस्याओं से जूझने के दौरान भी व्हील चेयर पर बैठे रहते और स्वयं से मिलने वालों को इशारों से भोजन का आग्रह करते जाते थे - जिसके लिए उनका प्रायः सभी कौतुक करते थे।

इधर दो वर्षों से, जब से वे उम्र की चुनौतियों से जूझ रहे थे उसके पहले उन्हें खाली बैठे हुए कभी देखा नहीं जाता था। यदि कुछ न कर रहे हों, तब भी व्यस्त रहना उनकी जीवन शैली थी। दिनचर्या रात 11 बजे बिस्तर पर जाते समय तक निर्बाध चलती जाती। पहट के 4.30 बजे या 5.00 बजे तक किसी भी परिस्थितियों में बिस्तर छोड़ देने की आदत हमेशा बनाए रखीं। इसके बाद गौ-सेवा से दिन का आरंभ होता था।

आज अग्रवाल समाज यदि वृहद पैमाने पर सक्रिय और एकजुट है तो इसमें उनका योगदान और समर्पण एक बड़ा कारण है। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय अनेक जिलों की भरपूर यात्राएँ वे किया करते थे। कारण होता था समाज के प्रत्येक आम-ओ-खास को अग्रसेन जयंती उत्सव हेतु प्रेरित करना। इसके पीछे उनका मानना था कि भागीदारी से ही समाज एकजुट होता है। कालांतर में वे इस बात से प्रसन्न होते थे कि जो बिरवा कभी अपने साथियों के साथ उस काल में रोपा था वह आज आदर्श और अनुकरणीय ऊंचाईयाँ छू रहा है। नए लोगों को यह तथ्य पता न होगा कि विवाह के तुरंत बाद पैतृक ग्राम टीबाबसई ( राजस्थान ) से उन्हें रायपुर आने का अवसर मिला। सन् 1951 का साल था वह और देश आजाद हुए 3 साल ही बीते थे। जब आए तो रामसागरपारा में ही अपने व्यवसायिक स्वप्न पूरा करने में जुट गए। सामाजिक गतिविधियों से उनका जुड़ाव शुरू हुआ सन् 1969 के दौरान।



समाज बिखरा और बेतरतीब क्यों है? यह सवाल उन्हें चुभता जाता था। हालांकि सन् 1961 से ही उनकी दिलचस्पी सामाजिक मामलों को लेकर जाग गई थी। स्व. बिशम्भर दयाल अग्रवाल, स्व. महावीर प्रसाद अग्रवाल आदि उस दौर के वे बड़े नाम थे जिनके साथ काम करने का सिलसिला शुरू हुआ। नौजवान होते हुए भी उनके इरादों में छिपी समाज के लिए कुछ कर गुजरने की तड़फ उभरने लगी थी। उस दौर में रायपुर शहर में आयोजित एक बड़ा परिचय सम्मेलन समाज सेवा की ओर खुलने वाला उनका पहला बड़ा क़दम था। तब समाज के भीतर इस बात को ठीक तरह से बिठाना कि ÷सामूहिक विवाह में ही भला है!÷ एक कठिन काम था। इसी प्रकार मितव्ययिता के लिए उस दौर में प्रेरित करना भी कितना मुश्किल रहा होगा समझना आसान है।

उनकी कामयाबी और सफलता का असर उनके समूचे खानदान और तीसरी, चौथी पीढ़ी तक फैला हुआ दिखाई देता है। लेकिन पीछे मुड़कर देखा जाए तो उनकी संघर्ष गाथा अपने आप में एक मिसाल बनकर सामने आती है।

वे समाज में अनेक अनेक पदों पर वे रहे। जैसे- मध्यप्रदेश अग्रवाल सभा का उपाध्यक्ष पद 1991 से 2003 तक और अग्रवाल सभा में अध्यक्ष दायित्व उन्होंने 4 बार उठाया। तीन मर्तबा तो सर्वसम्मति से उनका नाम तय हुआ और एक मर्तबा लोकतांत्रिक ढंग से यानी जीतकर आये। उस चुनाव को पुराने हमराही आज भी रामजीलाल अग्रवाल के जीवन के दुर्लभतम उदाहरणों में रखकर याद करते हैं। कारण था ÷हारा हुआ प्रतिद्धदी भी अपना ही भाई है!÷ यह सोचकर उसे तत्काल रामजीलाल जी ने गले से लगाकर संदेश दिया कि समाज को बिखरने से बचाये रखना है।

महावीर गौशाला के साथ तो उनका नाता रहा। सन् 1967 से गौशाला जाने का प्रारंभ किया। गौशाला का दायित्व अध्यक्ष के रूप में सन् 1988 से संभालना आरंभ किया। बाद में अनेक साल उन्हें यह जिम्मेदारी उठानी पड़ी। गौ सुरक्षा की दृष्टि से भी उनका कार्यकाल बहुतेरी योजनाओं के लिए लोकप्रिय रहा। मसलन शेड, पानी और हरा चारा की भरपूर व्यवस्था। गौशाला में आम भागीदारी बढ़े इस दिशा में सोचने वाले भी वे ही कहलाए। यदि सामाजिक जिम्मेदारियों की ही बात की जाए तो अग्रवाल सभा रायपुर में संरक्षक, छत्तीसगढ़ प्रदेश अग्रवाल महासभा में अध्यक्ष और छत्तीसगढ़ प्रदेश अग्रवाल सम्मेलन में सलाहकार की हैसियत से भी काम किया, करवाया। पदों को लेकर उनका अपना दृष्टिकोण भी उनकी खुली दृष्टि को बयान करता था जैसे कि प्रायः कहते थे कि ÷अध्यक्ष जैसे पद उनकी नजर में सिर्फ नाम के लिए होते हैं, वरना काम तो सभी को करना पड़ता है।÷

उनकी लगन और क्षमता ने उन्हें और भी संस्थाओं, संस्थानों से जोड़ा। पं.र.वि.वि. शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर ने उन्हें सन् 1991 में कार्यकारिणी के रूप में भी गौरवान्वित किया। उनके जीवन का लंबा समय समाज के साथ गुजरा। लेकिन जैसे कल की बात हो। आँखों के सामने वह बीता दौर रह-रह कर घूमने लगता है। कैसे एक-एक ईंट जोड़कर समाज को मजबूत करने की कोशिश उन्होंने की थी। संगठन जैसा आधार उस समय विकसित नहीं था, लेकिन नजरें लक्ष्य पर थीं और पीछे हटना या परिस्थितियों से हार जाना मंजूर नहीं रहा। खुली आँखों से सपने देखें जो पूरे होते गये। इसे उनकी कार्यशैली ही कहें कि प्रतिष्ठा और सम्मान भी निरंतर पाया।

तत्कालीन उप राष्ट्रपति श्री भैरो सिंह शेखावत, हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री ओमप्रकाश चौटाला और गुजरात के राज्यपाल से भी सम्मानित हुए। बतौर गौ-सेवक छत्तीसगढ़ राज्य ने भी उन्हें (राज्य अलंकरण) सम्मानित किया। उन्होंने अपने लम्बे अनुशासित जीवन के कुछ मूल मंत्र बना रखे थे। उस दौर में छोटे-मोटे मतभेद तो होते ही थे बावजूद मतभेदों को मनभेद नहीं बनने दिया और विरोधियों के प्रति भी स्नेह भाव रखा।

वास्तविक अर्थों में वे विशाल कुटुम्ब छोड़ गए हैं। सभी संतानें भी सफल सामाजिक, व्यवसायिक जीवन में भी व्यस्त हैं। जीवन में अच्छा आहार, अच्छा ज्ञान, अच्छी संगत मिलें तो नौजवानों से बेहतर नजीता प्राप्त किया जा सकता है। इस ध्येय वाक्य के साथ अपने समस्त जीवनकाल में पथ प्रदर्शक की हैसियत से ऊर्जा देते रहे। धूप-छांव से भरी हुई इस खूबसूरत, लेकिन (उन्हीं के शब्दों को दोहराएं तो) श्रम से भरी हुई अपनी इस गहरी यात्रा को जब भी पीछे मुड़कर देखता था तो संतोष का यही धन मुझे अपनी जमा पूंजी नज़र आता रहा।

## एक नजर

### एक जून से शुरू होगा बाढ़ नियंत्रण कक्ष

**धमतरी 29 मई ।** धमतरी में आगामी एक जून से जिला और तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष शुरू होगा। कलेक्टर श्री अबिनाश मिश्रा ने जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती बी.एक्का को नोडल अधिकारी और सहायक अधीक्षक भू अभिलेख श्री कन्हैया लाल भोई को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टोरेट के कक्ष क्रमांक-8 में स्थापित होने वाले इस बाढ़ नियंत्रण कक्ष का फोन नंबर 07722-232249 है। इसके अलावा तहसील स्तर पर भी बाढ़ नियंत्रण कक्ष में संबंधित तहसीलदारों की ड्यूटी लगाई गई है। धमतरी तहसील के कंट्रोल रूम का फोन नंबर 07722-240638, कुरूद का 07705-223381, भखारा का 96309-63635, मगरलोड का 89595-35346, नगरी का 07700-251398, कुकरेल का 98980-18731 और बेलरगांव तहसील का दूरभाष नंबर 93027-99980 है।

### शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय में प्रवेश शुरू

**धमतरी 29 मई।** शासकीय श्रवण बाधितार्थ बालिका विद्यालय धमतरी में कक्षा पहली से आठवीं तक की श्रवण बाधित दिव्यांग बालिकाओं के लिए प्रवेश शुरू हो गया है। संस्था के अधीक्षक ने बताया कि इस आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लए 6 से 14 साल तक के आयु की दिव्यांग बालिकाएं प्रवेश ले सकतीं हैं। आवेदन के साथ पिछली कक्षा की अंकसूची, नगरनिगम या चिकित्सा विभाग द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, सक्षम अधिकारी द्वारा अभिप्रमाणित जाति, निवास आय प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग द्वारा जारी यूडीआईडी कार्ड लगाना होगा। इसके साथ ही आधार कार्ड की छायाप्रति, जिला चिकित्सालय द्वारा जारी दिव्यांग प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज के 10 फोटो, ब्लड ग्रुप, बैंक पासबुक, राशनकार्ड की छायाप्रति सहित पहचान का निशान और सिकलसेल अथवा अन्य कोई बीमारी हो तो उसका भी उल्लेख करना होगा। अधीक्षक ने यह भी बताया कि यदि पहले से अध्ययनरत है, तो स्थानांतरण प्रमाण पत्र मूल में और जिले के बाहर के टीसी में जिला शिक्षा अिकारी का प्रतिहस्ताक्षर जरूरी होगा।

### डीएलसीसी और डीएलआरसी की बैठक 3 जून को

**धमतरी 29 मई।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति, डीएलसीसी और जिला स्तरीय समीक्षा समिति, डीएलआरसी की बैठक आगामी 3 जून को कलेक्टोरेट में आहूत की गई है। दोपहर एक बजे से आयोजित जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी बसाहटों के हितग्राहियों के खाते खोलने जीवन ज्योति योजना, सुरक्षा बीमा और अटल पेंशन योजना आदि की समीक्षा की जाएगी। इसके साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड, बड़ौदा आरसेटी में चल रहे प्रशिक्षणों पर भी चर्चा की जाएगी। दोपहर डेढ़ बजे से आयोजित जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक में आधार सीडडिंग, डीबीटी मैपिंग, पीएमएफएमई, मुद्रा योजना, रोजगार सृजन कार्यक्रम आदि की समीक्षा की जाएगी।

### जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र में प्लेसमेंट कैंप की तिथियां जारी

**दंतेवाड़ा, 29 मई ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र से प्राप्त जानकारी अनुसार सिक्यूरिटी गार्ड एवं सिक्योरिटी सुपरवाइजर के पदों पर कौशल प्रशिक्षण उपरांत नियोजन किये जाने के संबंध में कैपस्टोन फैसिलिटी मैनेजमेंट लिमिटेड एनएसडीसी हैदराबाद के द्वारा प्राप्त रिक्तियों ( रिक्त 500 पद केवल पुरुष) के अनुसार जनपद पंचायत गीदम में 4 जून को, कटेकल्याण में 6 जून को, कुआकोंडा में 9 जून को, तथा दंतेवाड़ा में 12 जून को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन प्रातः 11 बजे से शाम 03 बजे तक किया जा रहा है।

# ट्राइबल डिप्टी कमिश्नर पर शारीरिक शोषण का आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम ,29 मई ।** बीजापुर सहायक आयुक्त के पद पर पदस्थ उपायुक्त डॉ आनंदजी सिंह के खिलाफ एक महिला ने शादी का प्रलोभन देकर वर्षों तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाते हुए गीदम थाने में एफआईआर दर्ज करवाया है। महिला ने वर्ष 2018 से लेकर 2025 तक शारीरिक शोषण करने, अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग करने, जान से मारने की धमकी देकर 3 बार गर्भपात करवाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाया है। शिकायत करने वाली महिला गीदम के हारम ग्राम की निवासी है, जिसका कहना है कि आनंदजी सिंह से वर्ष 2018 में सोशल मीडिया के जरिए पहचान हुई। इसके बाद उसने महिला के घर आना-जाना शुरू कर दिया। फिर शादी का प्रलोभन देकर वर्षों तक शारीरिक शोषण करता रहा। इस बीच 3 बार गर्भवती भी हुई, जिस पर आरोपित ने जबरन गर्भपात करवाया। प्रार्थिया की शिकायत पर गीदम पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। गीदम थाना प्रभारी विजय पटेल ने एफआईआर दर्ज होने की पुष्टि करते बताया कि मामले में काउंटर एफआईआर भी दर्ज हुई है।अपराध क्रमांक 0051 बीएनएस की धारा 64(1) और 351(2) के तहत पंजीबद्ध किया गया है। अपराध की तिथि 21 मार्च 2018 से 18 अप्रेल 2025 के बीच की बताई गई है। जिसमें महिला द्वारा यह कथन है कि तीन बार उसका अबार्शन के लिए मजबूर किया गया है।

#### काउंटर एफआईआर भी

अनावेदक आनंदजी सिंह ने ई-एफआईआर के जरिए यह शिकायत दर्ज करवाई है, जिसमें वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग कर आरोपित से लाखों रुपए वसूलने का आरोप प्रार्थिया महिला पर लगाया गया है। पुलिस दोनों पक्षों के आवेदन के आधार पर जांच कर रही है। दरअसल सार्वजनिक जीवन में आनंद जी सिंह की छवि एक साफ सुथरे सामाजिक विद्वान की रही है। वे कई तरह के पुरस्कारों से नवाजें जा चुके हैं। किसी को इस बात पर भरोसा ही नहीं हो रहा है कि वे इस तरह के किसी कृत्य में शामिल हो सकते हैं।

जिस तरह से मामले में ब्लैकमेलिंग की काउंटर एफआईआर हुई है, उससे आरोपित अफ़सर के किसी हनी ट्रैप की आशंका भी जताई जा रही है। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि यह मामला एक बड़े ?सिंडिकेट द्वारा हनीट्रेप जैसा भी है। इसमें विडियो बनाकर ब्लैक मेलिंग जैसी बात भी कही जा रही है। यह जांच का विषय है कि आखिर विडियो किसने तैयार की और कौन ब्लैक मेलिंग कर रहा था। इसमें गीदम के कुछ प्रतिष्ठित लोगों के शामिल होने का भी संदेह जताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस की जांच चल रही है।

#### एसीबी के छापे से सुर्खियों में आए

डेढ़ माह पहले अपने ठिकानों पर एन्टी करप्शन ब्यूरो व ईओडब्ल्यू टीम के छापों से सुर्खियों में आए आनंद जी सिंह बस्तर संभाग में ही कई पदों पर रहे हैं। वे पहले जनपद सीईओ थे, फिर दंतेवाड़ा जिले में लंबे समय तक सहायक आयुक्त बने रहे। उसके बाद फिलहाल आदिम जाति कल्याण विभाग में उपायुक्त के पद पर बीजापुर में पदस्थ हैं। एंटी करप्शन ब्यूरो और ईओडब्ल्यू की टीम ने छापा मार कर आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच शुरू की थी।

# जिला प्रेस क्लब की बैठक में संगठन विस्तार के साथ सोसायटी पंजीयन पर किया गया विचार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला, 29 मई।** वन विकास निगम रेस्ट हाउस मोहला में जिला प्रेस क्लब मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रेस क्लब के संगठनात्मक विस्तार एवं मजबूती के उद्देश्य से सोसायटी पंजीयन (रजिस्ट्रीकरण) के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने संगठन के आधिकारिक रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण करने पर सहमति जताई। साथ ही, पत्रकार हितों और प्रेस की निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया।बैठक में संगठन में नए सदस्यों को भी शामिल किया गया, जिससे प्रेस क्लब की टीम और अधिक सशक्त हुई। सभी नए सदस्यों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उनसे पत्रकारिता के उच्च मानकों को बनाए रखने की अपील की गई।इस बैठक को क्लब के लिए एक अहम कदम माना जा रहा है, जिससे न केवल संगठनात्मक ढांचा मजबूत होगा, बल्कि पत्रकारों की आवाज़ को भी और अधिक प्रभावशाली मंच मिलेगा।बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष एनिशपुरी गोस्वामी, सचिव कलीमुद्दीन खान,उपाध्यक्ष योगेंद्र सिगने, लक्ष्मी कांत सोनी,जावेद खान,जितेंद्र गायकवाड़, मनमोहन सिंह,विनोद टेम्बुलकर, योगेश खंडेलवाल,ऐश्वर्य साहू,मनीष कौशिक,मनीष बंसोड़,मनोज यादव,आशीष कसार, नीलकंठ साहू,केजन साहू उपस्थित रहे।

### जिले में मनाया गया विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस

**दंतेवाड़ा, 27 मई ।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर दंतेवाड़ा जिले में जिला प्रशासन और यूनिसेफ के संयुक्त प्रयास से आज पूरे जिले में जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम ग्राम फरसपाल (ब्लॉक गीदम) में संपन्न हुआ, जिसमें समुदाय की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। जागरूकता कार्यक्रमों में जनसामान्य तक पहुंचाने के लिए रैलियां संवाद सत्र, वीडियो प्रदर्शन और खुली चर्चा जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में जिला समन्वयक वॉश कार्यक्रम श्री सुरेश कुमार अनंत ने माहवारी से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी, स्वच्छता के महत्व और सामाजिक मिथकों पर चर्चा की। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) से जिला सलाहकार सुश्री ममता राणा माहवारी स्वच्छता के व्यवहारिक पहलुओं तथा समुदाय आधारित प्रबंधन के महत्व पर प्रतिभागियों को जागरूक किया।

# मुर्गा चौक के आसपास लकड़बग्घा देखा गया,वन विभाग अलर्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 29 मई।** भिलाई टाउनशिप के सेक्टर - 1 से लगे मुर्गा चौक के आसपास वन्य प्राणी लकड़बग्घा देखा गया है इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद वन विभाग की टीम एलर्ट मोड पर आ गई है वन विभाग की दो अलग-अलग टीमें दिन और रात में लकड़बग्घा की तलाश में पेट्रोलिंग कर रही है वहीं वन मंडलाधिकारी दुर्ग ने एक स्थान पर लकड़बग्घा के पैर के निशान देखे जाने की पुष्टि की है मंगलवार रात को मुर्गा चौक से बीएसपी के मेन गेट वाली सड़क पर लकड़बग्घे को घूमते देखा गया है।

इसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसके बाद से वन विभाग की टीम लकड़बग्घा की तलाश में पेट्रोलिंग कर रही है वन विभाग और बीएसपी प्रबंधन ने लोगों से सावधान रहने अपील की है सोशल मीडिया में लकड़बग्घे के दो वीडियो दिखाई दे रहे हैं पहले मुर्गा चौक शहरी एरिया में और दूसरा भिलाई




इस्पात संयंत्र के रेलवे रैक लगने वाले एरिया में जहां जंगलनुमा क्षेत्र है दुर्ग डीएफओ दिनेश कपिल ने बताया कि वन विभाग को 27 मई की रात को भिलाई टाउनशिप क्षेत्र में लकड़बग्घा देखे जाने की सूचना मिली जिसके बाद दो टीमें गठित किया गया है। एक टीम रात में और दूसरी टीम दिन के समय संभावित क्षेत्र में पेट्रोलिंग कर रही है। इस दौरान एक जगह पर लकड़बग्घा के पैरों के निशान मिले हैं। उन्होंने कहा कि लकड़बग्घा जंगल से भटककर भोजन की तलाश में आया हो सकता है वैसे बीएसपी के नंदिनी खुंदनी माइंस क्षेत्र में लकड़बग्घा बहुतायत हैं। यह वन्य प्राणी है और मृत जानवरों को खाता है इस लिए यह पर्यावरण की दृष्टि से अहम है आम नागरिक लकड़बग्घा को किसी भी तरह से नुकसान नहीं पहुंचाएं। नुकसान पहुंचाने वाले के खिलाफ वन्य प्राणी अधिनियम 1972 के तहत कार्यवाही किया जायेगा किसी को वह नजर आए तो वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के बजाय वन विभाग को जानकारी दें

# कृषि विभाग 12 जून तक चलाएगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**सुकमा, 29 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार राज्य में 29 मई से 12 जून तक विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन किया जायेगा। जिसके अंतर्गत जिले के कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में कृषि विभाग के द्वारा सभी विकासखण्डों में इस अभियान का संचालन किया जाना प्रस्तावित है। जिसके संबंध में जिले के कृषि विभाग के उप संचालक श्री पीआर बघेल ने जानकारी देते हुए बताया है कि संचालनालय कृषि विभाग से प्राप्त निर्देशानुसार यह अभियान राष्ट्रीय स्तर का अभियान खरीफ मौसम की पूर्व तैयारी को सशक्त बनाने, किसानों को आधुनिक व वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने और खेतों में हो रहे नवाचारों को पहचान कर अनुसंधान की दिशा तय करने के लिए शुरू किया जा रहा है। सुकमा जिले में इस अभियान के सफल संचालन के लिए कृषि एवं संबंधित विभाग जैसे उद्यान, पशुपालन, मछलीपालन के जिला एवं विकासखण्ड स्तर के अधिकारियों तथा कृषि महाविद्यालय के वैज्ञानिकों की टीम गठित की गई है। ये टीम प्रतिदिन प्रति विकासखण्ड 2 ग्राम पंचायतों में पहुंचकर किसानों के साथ कृषक पाठशाला के माध्यम से कृषकों को मृदा परीक्षण, धान की कतार बोनी एवं पैडी ट्रांसप्लांटर से धान रोपड़, ड्रोन तकनीकी का उपयोग, प्राकृतिक खेती योजना के बारे में, बीजों की नवीन किस्में, संतुलित उर्वरक उपयोग, संतुलित कीटनाशक उपयोग, पशुओं की मौसमी बिमारियों एवं उपचार, उद्यानिकी फसलों के बारे में विस्तृत रूप से परिचर्चा करेंगे, साथ ही कृषि विभाग उद्यान विभाग, पशुपालन, मछलीपालन विभाग की प्रमुख राज्य एवं केन्द्रीय योजना के बारे में जानकारी साझा की जायेगी। शिविर में ग्राम पंचायत एवं विकासखण्ड के प्रगतिशील कृषकों को भी उनके नवाचार के बारे में बताने हेतु आमंत्रित किया जायेगा। शिविर में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत छुटे हुए हितग्राहियों का ईकेवाईसी, आधार सीडिंग एवं भूमि सीडिंग कार्य भी किया जायेगा, ताकि कृषकों को आगामी 20 वीं किस्त से लाभान्वित किया जा सके। कलेक्टर श्री ध्रुव के द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अभियान की गरिमामयी आयोजन करने के निर्देश दिए गए हैं। 29 मई से 12 जून तक जिले के ब्लॉक सुकमा में 26 शिविर, कोंटा में 26 शिविर, छिंदगढ़ में 26 शिविर तथा कुल 78 शिविरों का आयोजन किया जायेगा। सभी विकासखंडों में प्रतिदिन 2 पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही सभी शिविरों में जागरूकता रथ के माध्यम से शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार भी किया जाएगा।

### शासकीय उचित मूल्य दुकानों में आबंटन अनुरूप चावल का हो भंडारण :रीना बाबासाहेब कंगाले

**सुकमा, 29 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की सचिव श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बुधवार को राज्य के समस्त जिलों के कलेक्टर की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक लेकर धान उपार्जन एवं सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत राशन सामग्री के भण्डारण की समीक्षा की। इस दौरान जिला कलेक्टरेट सुकमा के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, जिला सीईओ श्रीमती नम्रता जैन एवं सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सचिव श्रीमती कंगाले ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सम्बंध में कहा कि राशनकार्डधारी परिवारों को माह जून 2025 से अगस्त 2025 तक 3 माह के लिए पात्रता अनुसार चावल का आबंटन जारी किया गया है। उन्होंने जून माह में 03 माह का एकमुश्त वितरण किये जाने हेतु शासकीय उचित मूल्य दुकानों में आबंटन अनुरूप चावल का भंडारण किए जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इस हेतु निर्धारित समय-सीमा 30 मई 2025 तक पूर्ण भण्डारण हेतु परिवहन हेतु वाहन की व्यवस्था हो। 03 माह के चावल भण्डारण हेतु उचित मूल्य दुकानों में पर्याप्त भण्डारण क्षमता की उपलब्धता सुनिश्चित करें। वहीं एकमुश्त वितरण हेतु आवश्यक व्यवस्था की जाए, हितग्राहियों को अवगत कराने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार करें। पहुंचविहीन उचित मूल्य दुकानों मे राशन सामग्री का अग्रिम भण्डारण सुनिश्चित किया जाए।

### सुकमा पहुंची अखिल विश्व गायत्री परिवार की दिव्य शक्ति कलश रथयात्रा




**सुकमा, 29 मई (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** हरिद्वार से अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा प्रारंभ की गई शक्ति कलश रथ यात्रा आज 27 मई 2025 को दंतेवाड़ा होते हुए सुकमा जिले में भव्य स्वागत के साथ पहुँची। यह दिव्य यात्रा वंदनीय माताजी के 100वें जन्मवर्ष (2026) और पं. श्रीराम शर्मा आचार्य जी को हिमालय की सूक्ष्म सत्ताओं से प्राप्त दिव्य अखंड ज्योति के 100 वर्ष पूर्ण होने के पावन उपलक्ष्य में संचालित की जा रही है।यह रथ यात्रा युग निर्माण योजना और विचार क्रांति अभियान का वाहक बनकर जन-जन को व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण एवं राष्ट्र निर्माण की दिशा में जागरूक कर रही है। सात दिनों तक यह यात्रा सुकमा जिले के कोने-कोने, नगरों और ग्रामों में भ्रमण कर साधना, शिक्षा, व्यसन मुक्ति, पर्यावरण संरक्षण और नारी सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद और जागरूकता अभियान चलाएगीइस अवसर पर चिंगावाराम घाट पर सुकमा एवं दंतेवाड़ा के श्रद्धालु परिजनों ने एकत्र होकर विचार मंथन किया और इस पावन यात्रा को सफल बनाने का संकल्प लिया। सभी ने इस दिव्य रथ यात्रा को धरती पर स्वर्ग की स्थापना और मानव में देवत्व के जागरण की दिशा में एक युगांतरकारी पहल बताया।अखिल विश्व गायत्री शक्तिपीठ, सुकमा के परिजनों ने सभी श्रद्धालुओं, युवा वर्ग, महिलाओं और समाज के प्रत्येक वर्ग से तन, मन और धन से इस रथ यात्रा में सहभागी बनने की अपील की है। इस यात्रा के दर्शन मात्र से सुख, सौभाग्य और आध्यात्मिक ऊर्जा की अनुभूति होती है, जिसे परम सौभाग्य मानते हुए सभी को इस महायज्ञ में आहुति देनी चाहिए। यह एक ऐसा ऐतिहासिक क्षण है जो भविष्य के युग परिवर्तन की नींव रखेगा। सभी से निवेदन है कि इस संदेश को अपने मित्रों, परिवारजनों और व्हाट्सएप ग्रुप्स में साझा करें, ताकि अधिक से अधिक लोग इस रथ यात्रा से जुड़ सकें और युग निर्माण के इस महासंकल्प में सहभागी बन सकें।

### सभी शासकीय कर्मचारियों का ई-केवाईसी कराना अनिवार्य

**सुकमा, 29 मई।** जिला कोषालय अधिकारी श्री प्रवीण चंद्र भगत ने बताया कि राज्य के सभी अधिकारी/कर्मचारियों को ई-कोश के इम्पलॉई कार्नर पोर्टल में ई-केवाईसी किया जाना है। इम्पलाई द्वारा किये गये ई-केवाईसी का सत्यापन आहरण एवं संवितरण अधिकारी या चेकर द्वारा किया जाना आवश्यक है। उन्होंने समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को पत्र जारी कर अपने अधीनस्थ समस्त अधिकारी/कर्मचारियों का इम्पलॉई कार्नर पोर्टल में ई-केवाईसी एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराते हुए सत्यापित कराने कहा है।

### श्वेता भगत विकासखण्ड समन्वयक बनीं

**धमतरी 29 मई ।** जिला पंचायत धमतरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत विकासखण्ड समन्वयक के रिक्त संविदा पद पर भर्ती के लिए कोरबा के जमनीपाली निवासी श्वेता भगत का चयन मेरिट क्रम के आधार पर किया गया है। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव ने बताया कि संविदा नियुक्ति अधिकतम 3 साल के लिए होगी। नियुक्ति के दौरान एकमुश्त वेतन 39 हजार 875 रूपये दिये जाएंगे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 12 जून तक चलाया जाएगा

**कांकेर 29 मई ।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में कृषकों के प्रत्यक्ष जुड़ाव तथा संवाद के माध्यम से कृषि और किसान को सम्पन्न बनाने की दिशा में देशव्यापी 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' आज से प्रारंभ होकर आगामी 12 जून तक करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा जिले के कृषि वैज्ञानिकों एवं कृषि उद्यानिकी, पशु पालन एवं मछली पालन विभाग के सहभागिता से अभियान को सम्पूर्ण जिले में क्रियान्वित किया जाएगा।

इसका मुख्य उद्देश्य प्रमुख खरीफ फसलों की नवीनतम तकनीकों के संबंध में कृषकों के मध्य जागरूकता का निर्माण एवं प्राकृतिक खेती करने की विधि बताई जाएगी। इसी प्रकार विभिन्न कृषकोन्मुखी शासकीय योजनाओं एवं नीतियों के संबंध में प्रचार-प्रसार के साथ 'मृदा स्वास्थ्य पत्रक' की अनुशंसा के आधार पर उर्वरक तथा सूक्ष्म तत्वों की आवश्यक मात्रा के निर्धारण हेतु कृषकों को जागरूक करते हुए संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देना है।

# विधायक,जिपंअध्यक्ष एवं कलेक्टर ने रथ को हरी झंडी दिखाकर पंचायतों के लिए किया रवाना

**दंतेवाड़ा, 29 मई ।** छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों को आत्मनिर्भर और तकनीकी रूप से सशक्त बनाने हेतु एक ऐतिहासिक कदम के रूप में ''विकसित कृषि संकल्प अभियान'' का शुभारंभ दंतेवाड़ा जिले से हुआ। यह पहल कृषि क्षेत्र में नवाचार और वैज्ञानिक पद्धतियों को बढ़ावा देने के साथ किसानों को पारंपरिक खेती से आगे बढ़ाकर आधुनिक कृषि तकनीकों से जोड़ने की दिशा में एक निर्णायक प्रयास है। इस अभियान के तहत आज कलेक्ट्रेट परिसर से रथ को विधायक श्री चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी एवं अन्य जनप्रतिनिधि सहित कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।इस कार्यक्रम में विधायक श्री अटामी ने कहा कि ''विकसित कृषि संकल्प अभियान'' कृषि के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने का केंद्र और राज्य शासन का संयुक्त प्रयास है। विकसित कृषि संकल्प रथ जिले के गांव-गांव पहुंकर कृषि विभाग सहित उद्यान, मछली पालन एवं पशुपालन विभागों की उन्नत




कृषि उन्मूखी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देने के साथ-साथ उनसे लाभान्वित होने के लिए प्रेरित करेगा। इसके साथ ही चयनित ग्रामों में शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों को कृषि संबंधी आधुनिक उपकरण प्रदाय किए जाएगें। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि जिले में इस अभियान की शुरुआत से ग्रामीण जन निश्चित रूप से इसका लाभ उठाकर जिले को कृषि खेती के पारंपरिक पद्धतियों से आगे बढ़ाकर वैज्ञानिक आधुनिक एवं नवाचार आधारित कृषि जिला बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगें। मौके पर कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने कहा कि आज दंतेवाड़ा जिले अंतर्गत शासन के निर्देशानुसार '''विकसित कृषि संकल्प'' अभियान के तहत 3 रथ को रवाना किया गया और इसमें उसी प्रकार के पशुपालन विभाग के मोबाइल यूनिट वेन भी शामिल है। ये सभी रथ 78 ग्राम पंचायतों में जाएंगे और कृषि, उद्यान, मछली पालन एवं पशुपालन विभागों की जो शासन द्वारा चलाई योजनाओं के बारे में ग्रामीण को जन जागरूक करेंगी।

# सांसद महेश कश्यप ने किया सार्वजनिक नल एवं स्नानागार का लोकार्पण, बेटियों को स्कॉलरशिप भी बांटी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल,29 मई।** औधोगिक नगर में मंगलवार एक ऐतिहासिक दिन रहा जब बस्तर सांसद माननीय श्री महेश कश्यप का नगर में भव्य स्वागत हुआ। उनके आगमन के उपलक्ष्य में नगर में कई जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिससे स्थानीय नागरिकों में उत्साह और आभार की लहर देखी गई। सबसे पहले,(AMNS) आर्सेलर मित्तल निप्पोन स्टील इंडिया लिमिटेड, किरंदुल द्वारा बीआईओपी स्कूल परिसर में बेटी पढ़ाओ स्कॉलरशिप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा 9वीं, 10वीं, 12वीं एवं स्नातकोत्तर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली मेधावी छात्राओं को स्कॉलरशिप प्रदान की गई। स्कॉलरशिप का वितरण माननीय सांसद महेश कश्यप और नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। यह पहल न केवल शिक्षा को बढ़ावा देगी, बल्कि बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगी।इसके पश्चात, वार्ड क्रमांक 06 में वर्षों से चली आ रही पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुए, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी सिंह एवं वार्ड पार्षद श्री गोपी नाथ द्वारा तत्परता से समाधान करते हुए चार स्थानों पर 24 घंटे चालू सार्वजनिक नल कनेक्शन लगाए गए। इनका उद्घाटन माननीय सांसद श्री महेश कश्यप के



करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। स्थानीय नागरिकों ने ढोल-नगाड़ों, आतिशबाजी और पुष्पगुच्छ भेंट कर तीनों जनप्रतिनिधियों का हृदयपूर्वक स्वागत किया।वही इसी क्रम में, वार्ड क्रमांक 18 (मिश्रा कैंप) में भी लंबे समय से चली आ रही जल समस्या को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्नानागार का निर्माण किया गया, जिसका उद्घाटन भी सांसद श्री कश्यप एवं नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सिंह द्वारा किया गया।बाद में सांसद महेश कश्यप ने वार्ड क्रमांक 16 स्थित चर्चित गोठान का निरीक्षण किया, जहाँ बीमार पशुओं की देखभाल होती है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इसे जल्द ही नवीनीकृत करने का आश्वासन दिया, जिससे पशुपालकों को बड़ी राहत मिलने की संभावना है।जनता को मिली नई पिकअप वाहन की सौगात कार्यक्रम के दौरान एक अन्य महत्वपूर्ण जनहित कार्य के तहत, पिकअप वाहन की भी व्यवस्था की गई। ज्ञात हो कि स्व्हस्र द्वारा 2012 एवं 2024 में पहले भी दो शव वाहन प्रदान किए गए थे। स्थानीय नागरिकों द्वारा अंत्येष्टि हेतु लकड़ी के परिवहन के लिए एक पिकअप वाहन की मांग की गई थी। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी सिंह ने इस मांग को गंभीरता से लेते हुए सांसद महेश कश्यप से चर्चा कर त्वरित व्यवस्था सुनिश्चित कराई।इस महत्वपूर्ण अवसर पर नगर के कई गणमान्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें शामिल हैंउपाध्यक्ष बबलू सिद्दीकी, पूर्व अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी एस. बी. महापात्र, तपन दास, पार्षदगण गोपीनाथ, के. शाजी, अनिल राजी, पदमा नाग, विजय सोढ़ी, आर. सी. नाहक, गौरीशंकर तिवारी, सुनील गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, टी. आर. सिन्हा एवं अन्य गणमान्य नागरिक।मंगलवार का दिन किरंदुल नगर के विकास और जनकल्याण की दिशा में एक मील का पत्थर साबित हुआ। सांसद श्री कश्यप और अध्यक्ष श्रीमती सिंह की सक्रिय भूमिका से क्षेत्रवासियों को वास्तविक समस्याओं के समाधान मिल रहे हैं, जो सुशासन का सशक्त उदाहरण है।

# सुशासन तिहार में लोगों को मिल रही समस्याओं से त्वरित निजात:टंकराम

■ अर्जुनी शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 305 हितग्राही हुए लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 मई।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा बुधवार को सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम पंचायत अर्जुनी में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने विभागीय स्टॉल का अवलोकन कर योजनाओं की जानकारी ली और विभिन्न योजनाओं के तहत लगभग हितग्राहियो को सामग्री एवं प्रमाण पत्र वितरित किया। अर्जुनी क्लस्टर में 10 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। क्लस्टर अंतर्गत कुल 6492आवेदन प्राप्त हुए जिनमे6411 मांग एवं 81 शिकायत से सम्बधित थे। शिविर को सम्बोधित करते हुए मंत्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल से सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में लोगों के आवेदनों का त्वरित निराकरण होने से समस्याओं से निजात मिल रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मोदी की गारंटी के सौ



फीसदी वायदे को 100 दिन में पूरा किया है। यह सरकार काम करके दिखाने वाली सरकार है। योजना लागू होने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है जिससे आर्थिक समृद्धि व खुशहाली आई है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आप लोगों के विश्वास को टूटने नहीं देगी। सभी काम पारदर्शिता के साथ पूरा हो रहा है। गांव से लेकर शहर तक विकास दिख रहा है। शिविर को जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल,नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन,जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव ने भी सम्बोधित किया।

## समाचार संक्षेप

### विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर प्रदेशभर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**रायपुर, 29 मई।** विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कर एक अतिआवश्यक सामाजिक विषय पर सकारात्मक पहल की गई। माहवारी स्वच्छता से संबंधित इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों और सामाजिक वर्जनाओं को चुनौती दी गई, बल्कि माहवारी के दौरान स्वच्छता, आत्मसम्मान और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाई गई। हर बुधवार को आयोजित होने वाले नियमित हेल्थ मेलों की श्रृंखला में इस बार माहवारी स्वच्छता दिवस को विशेष रूप से मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में ÷ब्रेकिंग टैबू एंड रेजिंग अवेयरनेस अबाउट द इंपॉर्टेंस ऑफ़ गुड मेंस्ट्रुअल हाइजिन मैनेजमेंट÷ विषय पर केंद्रित गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष दिवस पर स्वास्थ्य एवं वेलनेस एम्बेस्डर, शिक्षकों, पीयर एजुकेटर्स, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों तथा जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से माहवारी स्वच्छता पर आधारित जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इनमें रैली, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिताएँ प्रमुख रूप से शामिल थी। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित इन आयोजनों में किशोरियों, महिलाओं तथा अभिभावकों को माहवारी से जुड़ी जानकारी दी गई। साथ ही, स्वच्छता बनाए रखने के लिए आवश्यक उपाय बताते हुए निःशुल्क सेनेटरी नैपकिन और आयरन की गोली भी वितरित की गई। माहवारी कोई शर्म की बात नहीं, बल्कि यह एक स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है, जो नारी के स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण की प्रतीक है। इसके बारे में खुलकर बात करना ही मानसिकता में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में पहला कदम है। प्रदेश में आयोजित इन जागरूकता कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया कि जब तक माहवारी से जुड़ी चुप्पी और झिझक टूटेगी, तब महिलाओं के संपूर्ण स्वास्थ्य की कल्पना अधूरी नहीं रहेगी।

### नगर निगम जोन-9 ने गारमेंट फैक्टरी में समाधान शिविर लगाया

**रायपुर, 29 मई।** सुशासन तिहार के अंतर्गत प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के आदेशानुसार एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग श्री अरूण साव के निर्देशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर द्वारा जोन 9 के 7 वार्डो के लिए रानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्षेत्र में पॉम ब्लाजियो के सामने नवनिर्मित गारमेंट फैक्टरी में सुशासन तिहार समाधान शिविर लगाया गया। जिसमें रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू, धरसींवा विधायक पद्मश्री श्री अनुज शर्मा, महापौर श्रीमती मीनल चैबे, सभापति श्री सूर्यकांत राठौड, रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, आयुक्त श्री विश्वदीप, एसडीएम श्री नंदकुमार चैबे, जोन 9 जोन अध्यक्ष श्री गोपेश साहू, एमआईसी सदस्य श्री खेम कुमार सेन, वार्ड पार्षद श्रीमती सावित्री धीवर, श्रीमती प्रभा विश्वकर्मा, श्रीमती रेणु जयंत साहू, श्री देवदत्त द्विवेदी की उपस्थिति में नगर निगम एवं विभिन्न शासकीय विभागों के अधिकारियों द्वारा उपस्थित नागरिको को सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक जोन 9 के 7 वार्डो में लगे शिविर में आमजनता से प्राप्त सभी 1598 आवेदनों के गुणवत्ता पूर्ण त्वरित समाधान के संबंध में विभागवार एवं कार्यवार नागरिको को मंच से विस्तृत समाधान की जानकारी मंच से नगर निगम अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय द्वारा दी गई।

## एक नजर

### समाधान शिविर मोहरा में आयोजित



**तिल्दा नेवरा, 29 मई।** ग्राम पंचायत मोहरा में सुशासन तिहार के तीसरे चरण के अंतर्गत आयोजित समाधान शिविर में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भाजपा सरकार का उद्देश्य है जनता तक सीधे पहुंच, संवाद और समाधान। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी वर्मा ,जिला पंचायत सदस्य मोहन वर्मा जी, जनपद पंचायत अध्यक्ष दौलत पाल जी, रायपुर जिला पंचायत सदस्य स्वाती वर्मा मंडल अध्यक्ष सुहेला युवा अध्यक्ष करण वर्मा , ,सरपंच तारिणी जवाहर , जनपद सदस्य पुष्पा चेलक सविता हेमंत यादव आदि जनप्रतिनिधि,अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### आपदा पीड़ित परिवार को 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

**बलौदाबाजार, 29 मई।** कलेक्टर दीपक सोनी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवार के लिए 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया है। उन्होंने मृतक के वैध वारिसान के बैंक खाते में उक्त राशि जमा कराने के निर्देश सम्बंधित आहरण एवं संवितरण अधिकारी को दिए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार बलौदाबाजार तहसील अंतर्गत ग्राम अर्जुनी निवासी राज कोरी पिता राजेन्द्र कोरी की गढ्ढा के पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। राजस्व पुस्तक परिपत्र खंड 6-4 के प्रावधान के अनुसार मृतक के निकटतम वैध वारिसान पिता राजेन्द्र कोरी पिता ढंनगू राम को 4 लाख रुपये आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत किया गया है।

### 7.200 बल्क लीटर विदेशी मदिरा सहित 1 मोटर साइकिल जब्त



**बलौदाबाजार, 29 मई।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में अवैध शराब निर्माण,भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी तारतम्य में गस्त के दौरान कसडोल क्षेत्र के कोट रोड पुल से आरोपी मोहित साहू पुत्र कौशल प्रसाद साहू निवासी कसडोल वार्ड-8 के कब्जे से 7.200 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब जम्मू सपेशल विहस्की सहित 1 वाहन होण्डा ड्रीम योगा जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबध्द किया गया है। कार्रवाई के दौरान सहायक जिला आबकारी जलेश कुमार सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में किशोरियों को बांटे नि:शुल्क सैनिटरी नैपकिन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 मई।** जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में माहवारी स्वच्छता दिवस का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा मितानिनों द्वारा जन समुदाय में जागरूकता के प्रचार-प्रसार हेतु रंगोली, चित्रकला ,परिचर्चा जैसे कार्यक्रम संपन्न हुई। कार्यक्रम में किशोरियों एवं महिलाओं के साथ बैठक कर मासिक धर्म के संबंध में चर्चा की गई जिसमें उचित माहवारी प्रबंधन, खान-पान, माहवारी के दौरान स्वच्छता, गलत धारणाओं आदि के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश कुमार अवस्थी ने जानकारी देते हुए बताया कि माहवारी एक प्राकृतिक क्रिया है जिसके माध्यम से महिलाओं में प्रजनन क्षमता विकसित होती है। लड़कियों के शरीर में माहवारी एक



साधारण प्रक्रिया है इससे यह भी पता चलता है कि शरीर का सही विकास हो रहा है इसमें घबराने, चिंतित होने, डरने या शर्माने की कोई बात नहीं है। माहवारी के दौरान स्वस्थ रहने के लिए खुद को साफ-सुथरा रखना जरूरी है। सेनेटरी नैपकिन बदलने एवं पेशाब व शौच जाने के बाद अपने शरीर को अच्छे से धोएं, हमेशा साफ और सूखा सेनेटरी नैपकिन का इस्तेमाल करें इससे संक्रमण का खतरा नहीं होता। जीवाणु गीले और गर्म नैपकिन में आसानी से बढ़ते हैं जो कि स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। हर दिन नहाना और साफ कपड़े पहनना चाहिए विशेष कर माहवारी के दौरान तो यह और भी जरूरी है। यदि किसी कारण से नैपकिन उपलब्ध न हो तो साफ, नरम, हल्के रंग के सूती कपड़े का उपयोग कर सकते हैं। इस्तेमाल के बाद इसे सही तरीके से नष्ट करना जरूरी है।

सेनेटरी नैपकिन को पानी के स्रोत से दूर गहरे गड्ढे में या इंसीनरेटर में ठीक से जलाकर नष्ट किया जाना उचित होता है। माहवारी के दौरान अच्छे से खाना-पीना, योग, व्यायाम करना सही है इसमें खेल-कूद, दौड़ना रस्सी कूदना आदि में किसी प्रकार की रोक-टोक नहीं होनी चाहिए। महावारी के दौरान अधिक खून बहने से खून की कमी हो सकती है। इसके लिए किशोरियों को साप्ताहिक आई.एफ.ए की नीली गोली का सेवन करना चाहिए। इसके अतिरिक्त हरी पत्तेदार सब्जियों के साथ विटामिन-सी से भरपूर फल और सब्जियों का सेवन भी करना चाहिए। हर 6 माह में एल्बेंडाजोल की गोली का भी सेवन करना चाहिए और अधिक जानकारी के लिए नजदीक के स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते है।

# देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर फोटो प्रदर्शनी का किया गया आयोजन

■ जनसंपर्क विभाग ने लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के ब्रोशर एवं जनमन पत्रिका का किया निःशुल्क वितरण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 29 मई।** देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में नगर पालिक निगम राजनांदगांव के टाऊन हाल में आयोजित फोटो प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा राष्ट्र और धर्म के लिए समर्पित, भारतीय संस्कृति और वीरता की प्रतिमान, सशक्त भारतीय नारी का पर्याय लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के ब्रोशर का वितरण किया गया। इस अवसर पर फोटो प्रदर्शनी में देवी अहिल्याबाई होल्कर की विरासत, प्रशासनिक कुशलता, सामाजिक सुधारों, सड़क व जल व्यवस्था, न्यायप्रियता, धार्मिक सहिष्णुता, महिला सशक्तिकरण के लिए उनके योगदान को फोटो प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया था। इस दौरान जनसंपर्क विभाग द्वारा प्रकाशित जनमन पत्रिका का




निःशुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नागरिकगण उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि जनमन पत्रिका में बजट के संबंध में जानकारी दी गई है। वहीं देश का पावर हब बनने को तैयार छत्तीसगढ़, संस्कारों की धरती साहित्य की नगरी यह है राजनांदगांव, हमर कलेवा, कांकेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, युनेस्को की वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल, छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों की विकास यात्रा, दुनिया ने देखी बस्तर की कला सहित विभिन्न प्रमाणिक जानकारी एवं आलेखों का संग्रह है। वहीं सुशासन तिहार मोर दुआर साय सरकार ब्रोशर में युवाओं का कल्याण, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना, नियद नेल्लानार योजना, पंजीयन विभाग की 10 नई क्रांति, मुख्यमंत्री ग्रामीण बस सुविधा योजना, राम लला आयोध्या धाम दर्शन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक में वृद्धि, कृषक उन्नति योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के संबंध में जानकारी दी गई है।

### दुर्गा विहार एकता विहार डूंडा में अवैध प्लांटिंग पर कारगर रोक लगाई

**रायपुर, 29 मई।** जिला कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार और नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप और जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार एवं नगर निगम अपर आयुक्त पंकज के. शर्मा, उपायुक्त डॉ. अंजलि शर्मा, नगर निवेशक आभाष मिश्रा, सभी जोन कमिश्नरों, कार्यपालन अभियंताओं के मार्गनिर्देशन में टीम प्रहरी द्वारा नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सभी जोनों के नगर निवेश विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में राजधानी शहर रायपुर नगर निगम क्षेत्र में जनहित में जनसुविधा हेतु मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रो में अभियान चलाकर यातायात पुलिस बल की उपस्थिति में अतिक्रमण एवं अवैध कब्जे हटाकर सडक यातायात सुगम और सुव्यवस्थित बनाने कार्यवाही जारी है। इस क्रम में आज टीम प्रहरी के अभियान के अंतर्गत नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़न दस्ता की टीम और नगर निगम जोन क्रमांक 10 के नगर निवेश विभाग एवं निगम मुख्यालय नगर निवेश उडनदस्ता की टीम ने जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के निर्देश पर उपअभियंता रविप्रभात साहू की उपस्थिति में जोन 10 क्षेत्र में दुर्गा विहार डूंडा और एकता विहार डूंडा क्षेत्र में की जा रही।

# जुआ खेलते 10 जुआरियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर की सहायता से आपराधिक कृत्यों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ में मिल रही है लगातार कामयाबी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**लवन, 29 मई।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन में आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं को त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना ÷समाधान सेल÷ प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी प्रकार की भी सूचना, शिकायत अथवा अपराधिक गतिविधि की जानकारी ÷समाधान सेल÷ हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। ÷समाधान सेल÷ के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड में भी लगातार कामयाबी मिल रही है।

इसी क्रम में समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर आज दिनांक 27.05.2025 को साइबर सेल एवं थाना लवन की संयुक्त पुलिस द्वारा ग्राम खैंदा खार में जुआ खेलते हुए 10 जुआरियो को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी जुआरियों से नगदी ?33,390 एवं 52 पत्ती ताश तथा 05 मोटरसाइकिल जप्त किया गया है। आरोपी जुआरियों के विरूद्ध थाना लवन में धारा 13 जुआ एक्ट एवं छ.ग. जुआ

■ आरोपी जुआरियों को ग्राम खैंदा खार में जुआ खेलते हुए पकड़ा गया

(प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया है।

# समस्याओं का त्वरित निराकरण होने से लोगों में सरकार के प्रति बढ़ा विश्वास: मंत्री जायसवाल

■ स्वास्थ्य केंद्र भवन,पंचायत भवन सहित अनेक विकास कार्यो की मिली सौगात

■ मोर गांव, मोर पानी डाक्यूमेंट्री फ़िल्म का किया विमोचन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 29 मई।** जिले के प्रभारी एवं स्वस्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल बुधवार को सुशासन तिहार अंतर्गत विकासखंड भाटापारा के ग्राम पंचायत खोखली में आयोजित समाधान शिविर में शामिल हुए।अतिथियों के द्वारा भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र में पुष्प अर्पित शिविर का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने अनेक विकास कार्यों की सौगात दी जिसमें ग्राम पंचायत खोखली में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवन, पंचायत भवन, तालाब सौन्दर्यीकरण मनरेगा



अभिसरण से, ग्राम पंचायत बोडतरा में गौरव पथ निर्माण, गाड़ाडीह में पंचायत भवन, सेमरिया के प्राथमिक शाला में आहाता निर्माण, मझगांव में प्राथमिक शाला भवन शामिल हैं। शिविर में विभिन्न योजनाओं के तहत 183 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। शिविर को सम्बोधित करते हुए जिले के प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृव में हमारी सरकार डेढ़ साल में पिछले सरकार के पांच साल के कार्यकाल बराबर काम किया है। सुशासन तिहार अंतर्गत आयोजित होने वाले शिविर में लोगों की समस्या का त्वरित निराकरण एवं योजनाओं का लाभ मिलने से सरकार के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने पारदर्शी शासन व्यवस्था को रेखांकित करते हुए सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों के जीवन स्तर में आये सकारात्मक बदलाव को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना में पुनः पंजीयन हेतु जल्द पोर्टल शुरू होगा। उन्होंने इस दौरान कृषक उन्नति योजना के तहत धान बिक्री करने वाले किसान केजऊ राम पाल, परस राम वर्मा एवं वेदप्रकाश आडिल से राशि का उपयोग की जानकारी ली। किसानों ने बताया कि धान की राशि का मकान बनाने, दुकान का विस्तार एवं अन्य घरेलु कार्यों में उपयोग किया है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल,जिला अध्यक्ष आनंद यादव ने भी सम्बोधित किया। कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि खोखली क्लस्टर में 10 ग्राम पंचायत के लोग शामिल हुए। शिविर में कुल 4495 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 4466 मांग एवं 39 शिकायत से सबंधित हैं। इस दौरान प्रभारी मंत्री श्री जायसवाल ने जिला प्रशासन द्वारा मोर गांव, मोर पानी पर निर्मित वृत्त चित्र का विमोचन किया। इस वृत्त चित्र में जिले में मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत सोखता गड्ढा निर्माण, तालाबों की सफाई सहित पानी बचाने के प्रयास को दिखाया गया है।


## कार्यालय अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर
Email-sepwdkanker2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**- :ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना:-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन कार्य हेतु दिनांक 12.06.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 23 | 169222 | जिला कोण्डागांव में न्यायिक अधिकारी के लिए 01 नग एफ टाईप आवास गृह का निर्माण कार्य। | 36.12 लाख |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है।

**डाउनलोड करने की अंतिम तिथि-12.06.2025 है।**
**नोट:= चतुर्थ आमंत्रण**

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

जी-252601204/5



## नाम परिवर्तन

मैं विकास कुमार सोना पिता किर्तन सोना, उम्र 34 वर्ष वार्ड नं. 19, गुरूनानक नगर, दल्ली राजहरा, तह. डौण्डी, जिला बालोद (छ.ग.) का निवासी हूं।

मेरे स्वयं के नाम से India Union Driving Licence बना हुआ है। जिसका लायसेंस नंबर CG07 20120009185 है। उक्त लायसेंस में मेरा नाम विकास कुमार (VIKASH KUMAR) पिता किर्तन कुमार एवं जन्म तिथि 01.10.1990 अंकित है। जो कि गलत है।

मेरे स्वयं के आधार कार्ड नं. 6004 0929 5680 में मेरा नाम विकास कुमार सोना (VIKASH KUMAR SONA) पिता किर्तन सोना (KIRTAN SONA) एवं जन्म तिथि 10.12.1990 (दस दिसम्बर सन् उन्नीस सौ नब्बे) अंकित है। जो कि सही है। मैं इसी नाम से जाना पहचाना व पुकारा जाता हूँ।

अपने उक्त लायसेंस में दर्ज नाम विलोपित कर सही नाम विकास कुमार सोना (VIKASH KUMAR SONA) पिता किर्तन सोना (KIRTAN SONA) एवं जन्म तिथि 10.12.1990 (दस दिसम्बर सन् उन्नीस सौ नब्बे) दर्ज किये जाने के समर्थन में अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बालोद के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु इस शपथपत्र की आवश्यकता है।

विकास कुमार सोना
शपथकर्ता



## न्यायालय नायब तहसीलदार बलौदाबाजार जिला-बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)
क्रमांक 152/ना.तह./वा./2025
बलौदाबाजार, दिनांक-13/05/2025

### ईश्तहार

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रेममाया पिता गोवर्धन प्रसाद नेताम जाति गोंड़ निवासी ग्राम भाठागांव तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) द्वारा ग्राम भाठागांव प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. लटुवा तहसील बलौदाबाजार स्थित भूमि ख.नं. 122 रकबा 1.072 हे. भूमि को अनावेदक लता वर्मा पति नरेन्द्र कुमार वर्मा निवासी ग्राम बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) को आपसी सौदा मूल्य 250000 (अक्षरी दो लाख पचास हजार रूपये) प्रति एकड़ के दर से विक्रय किये जाने हेतु आवेदन पर पत्र माननीय कलेक्टर महोदय जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) के समक्ष प्रस्तुत किये जाने पर जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति दावा करना हो तो पेशी दिनांक 06/06/2025 तक दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, तथा उपरोक्त सौदा राशि के ज्यादा राशि में आवेदित भूमि का कोई खरिदार हो तो वे भी अपनी दावा आपत्ति नियत तिथि तक पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जायेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 13/05/2025 को जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
बलौदाबाजार



## न्यायालय नजूल अधिकारी, जिला-कबीरधाम. (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202505082200026
20 (4), वर्ष 2024-25

### ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका माया चन्द्रवंशी पति दिलीप कुमार चन्द्रवंशी साकिन कवर्धा जिला कबीरधाम ने नजूल नगर कवर्धा स्थित 'भूमि ख.नं. 915/11 रकबा 0.0160 हे. जो कि माया चन्द्रवंशी पति दिलीप कुमार चन्द्रवंशी के नाम पर भूमि स्वामी के रूप में अभिलेख में दर्ज है। जिसमें से आवेदिका के द्वारा क्षेत्रफल 83.84 वर्गमीटर पर ग्राउण्ड फ्लोर आवासीय प्रयोजन हेतु संलग्न नक्शे के अनुसार पक्का मकान (भवन) निर्माण किये जाने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने की मांग किया है।

अतः इस अनापत्ति प्रमाण पत्र के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को उजर अथवा आपत्ति हो वे इस न्यायालय में दिनांक 9/6/2025 तक स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं।

अतः आज दिनांक 26/5/2025 को इस न्यायालय के पद मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया है।

**जारी दिनांक :-26/5/2025**
**पेशी दिनांक:- 9/6/2025**

मुहर
नजूल अधिकारी
कबीरधाम

## एक नजर

### बिल्डरों को रेरा की हिदायत

## खरीदारों को तय समय पर मिलना चाहिए घर

**रायपुर, 29 मई।** छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (सीजी रेरा) ने पंजीकृत प्रोजेक्ट्स की पंजीयन अवधि के विस्तार को लेकर एक अहम स्पष्टीकरण जारी किया है। रेरा ने कहा है कि पंजीयन अवधि में किया गया कोई भी विस्तार केवल निर्माण या विकास कार्यों को पूरा करने के उद्देश्य से होता है, न कि खरीदारों को फ्लैट या मकान सौंपने की वैधानिक समयसीमा को बढ़ाने के लिए। रेरा के अनुसार, यदि किसी कारणवश प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य समय पर पूरा नहीं होता, तो अथॉरिटी आवश्यकतानुसार पंजीयन अवधि बढ़ा सकती है। लेकिन यह विस्तार डेवलपर और खरीदार के बीच हुए एग्रीमेंट फॉर सेल में तय पजेशन की तारीख को किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं करता। रेरा ने स्पष्ट किया कि एग्रीमेंट फॉर सेल में जो पजेशन की तिथि दर्ज होती है, वही कानूनी रूप से मान्य होती है। यदि डेवेलपर इस तय समयसीमा के बाद खरीदार को पजेशन देता है, तो उसे हर महीने की देरी के लिए निर्धारित दर पर मुआवज़ा देना होगा। इस स्पष्टीकरण से यह साफहो गया है कि पंजीयन अवधि का विस्तार किसी भी स्थिति में डेवेलपर को खरीदारों को मकान सौंपने में देरी करने का कानूनी अधिकार नहीं देता।



**रायपुर, 29 मई।** शहीद राजीव पांडेय का स्मारक तथा उनके नाम पर उद्यान बनाने की मांग को लेकर कांग्रेसियों ने धरना देकर प्रदर्शन किया।

### अखण्ड ज्योति कलश स्थापना

**रायपुर, 29 मई।** मां धूमावती सिद्धपीठ के पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी पुजारी ने बताया कि मां धूमावती सिद्धपीठ में एक वर्षीय ज्योति कलश मां धूमावती जयंती के अवसर पर 3 जून को स्थापित किया जायेगा। जो भी धर्मप्रेमी इस आध्यात्मिक कार्य का हिस्सा बनना चाहते हैं तथा सर्वसमस्या निवारण, मनवांछित फल प्राप्ति, मनोकामना पूर्ति एवं आत्म कल्याण निमित्त सौभाग्य प्राप्ति अखण्ड ज्योति कल स्थापित कर सकते हैं।

### रेलवे समपार टेहका गेट से आवागमन बंद रहेगा

**रायपुर, 29 मई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में भाटापारा-निपनिया रेल खंड का टेहका फाटक रेलवे समपार सं. 382 (कि.मी. 759/3-5) में रेल पथ अप/लाईन/का अति आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु 30 मई सुबह 9 बजे से 31 मई शाम 6 बजे तक के लिये आवागमन अवरूद्ध रहेगा।

### डीडी नगर में मोबाइल फोन की लूट

**रायपुर, 29 मई।** डी डी नगर अप्पू स्वीट्स से केंद्रीय भू जल सर्वेक्षण ऑफिस के रास्ते में रात्रि 9.15 बजे फोन लूट की घटना हुई है। लोकमान्य सोसायटी रोहिणीपुरम रायपुर निवासी वैदुर्य निगम रात्रि लगभग 9.15 बजे पैदल टहल रहे थे उसी समय भू जल सर्वेक्षण ऑफिस के सामने एक सफेद रंग की स्कूटर में सवार लुटेरा जो मुंह में कपड़ा बांध रखा था उसने वैदुर्य निगम के हाथ से फोन को झटके से लूट कर तेजी से डंगनिया वाले रास्ते में भागा। वैदुर्य ने कुछ दूर दौड़ कर मदद उसका पीछा किया और चौपाटी के आस पास के लोगों ने भी रालास इंक्लेव तक उसका पीछा भी किया लेकिन वो तेजी से भाग गया।

### सोशल इनोवेटर्स को सशक्त करने दिए जाएंगे 2 करोड़ रुपये

**रायपुर, 29 मई।** इन्फोसिस की परोपकारी कार्य करने वाली और सीएसआर इकाई इन्फोसिस फाउंडेशन ने अपने आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड के चौथे संस्करण को लॉन्च करने का एलान किया है। भारत में सोशल इनोवेशन को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए इन्फोसिस फाउंडेशन ने इस अवार्ड में हिस्सा लेने के लिए देशभर से इनोवेटर्स एवं सामाजिक उद्यमियों को आमंत्रित किया है। आरोहण सोशल इनोवेशन अवार्ड 2025 का उद्देश्य व्यक्तिगत स्तर परऐसे लोगों को, टीमों को, एनजीओ को और सामाजिक उद्यमियों को चिह्नित एवं पुरस्कृत करना है, जो टेक्नोलॉजी आधारित ऐसे अनूठे समाधान विकसित कर रहे हैं, जो बड़े पैमाने पर देश के वंचित समुदायों पर उल्लेखनीय प्रभाव डालने में सक्षम हैं।

## कोरोना के नए वैरियंट से घबराने की जरूरत नहीं : स्वास्थ्य मंत्री

### इमरजेंसी के लिए प्रदेश में पर्याप्त व्यवस्था

**रायपुर, 29 मई।** कोरोना के नए वैरियंट को लेकर देश-दुनिया में मची हलचल के बीच स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का बड़ा बयान आया है. उन्होंने कहा कि यह (वैरियंट) असरकारक नहीं है. प्रदेश में कोरोना के अब तक 3 मरीजों की पुष्टि हुई है, जिनकी हालत सामान्य है. प्रदेश में इमरजेंसी के लिए बेड, दवाइयां और ऑक्सीजन की पर्याप्त व्यवस्था है, वैसे ऐसी स्थिति की उम्मीद नहीं है.

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मीडिया से चर्चा में बीपीएल राशन कार्डधारकों को 3 माह का चावल एक साथ दिए जाने को लेकर कहा कि भारत सरकार के बीपीएल कार्डधारकों को शामिल करेंगे. APL कोटे का चावल कम लोग उठाते हैं.

दीपक बैज की न्याय यात्रा में कांग्रेस के बड़े नेता के शामिल नहीं होने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि कांग्रेस को अन्य यात्राएं छोड़ देनी चाहिए. अब कांग्रेस बचाओ यात्रा निकालनी चाहिए. वहीं MSP बढ़ने से छत्तीसगढ़ किसानों की धान खरीदी राशि पर पड़ने वाले असर पर स्वास्थ्य मंत्री



जायसवाल ने कहा कि 31 सौ रुपए क्विंटल किसानों को मिलता है. दो साल से सरकार किसानों को राशि दे रही है. आगे भी किसानों को 31 सौ के दाम से देते रहेंगे. वहीं केंद्र सरकार के MSP बढ़ने की घोषणा पर श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने धान की MSP में 70 रुपए की बढ़ोतरी की है. मोटे और पतले अनाज में 70 रुपए बढ़ाया है. 2370 और 2390 रुपए कर दिया गया है. प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ को बड़ा तोहफा दिया है.

### फांसी पर लटकी मिली महिला की लाश

**रायपुर, 29 मई।** राजधानी रायपुर के अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेंद्री में एक महिला का शव घर के अंदर फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। मामला राखी थाना क्षेत्र का है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतका देवांगन परिवार की सदस्य है। शव जिस स्थिति में मिला है, उसने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। महिला के सिर और चेहरे को पूरी तरह नकाब से ढंका गया था, जिससे हत्या की आशंका और गहरी हो गई है। स्थानीय लोगों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी, लेकिन प्रारंभिक साक्ष्य इसे सिर्फआत्महत्या नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या की ओर इशारा कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

## 2026 से पहले नक्सलवाद खत्म करने का केंद्रीय गृह मंत्री ने लिया है संकल्प : कैलाश विजयवर्गीय

**रायपुर, 29 मई।** नक्सलवाद को लेकर दिग्गज भाजपा नेता और मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि केवल छत्तीसगढ़ से ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र से भी नक्सलवाद खत्म हो रहा है. केंद्रीय गृह मंत्री का संकल्प 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करना है.

सांसद बृजमोहन अग्रवाल के पितृ शोक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रायपुर पहुंचे कैलाश विजयवर्गीय ने फसलों पर केंद्र सरकार की MSP बढ़ाने की घोषणा पर कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों की आय दोगुना करने की बात की थी. हर साल MSP बढ़ रही है. उन्होंने कहा कि नदी जोड़ो अभियान से किसानों के खेत में पानी पहुंचा रहा है. नदियों का ओवरफ्लो पानी किसानों के खेत में जा रहा है. वहीं अहिल्याबाई की जयंती को लेकर कहा कि अहिल्याबाई बहुत महान रानी थीं. कष्ट के बाद भी उन्होंने बहादुरी से अपने राज्य चलाया और अपने



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज उनके निवास कार्यालय में मध्यप्रदेश शासन के शहरी विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने सौजन्य मुलाकात की।

राज्य का अर्थव्यवस्था सुधारी. उस जमाने में इन्वेस्टमेंट लेकर आई और अपने राज्य की महिलाओं को रोजगार देते हुए महिला सशक्तिकरण के लिए काम किया.

## सदर बाजार मार्ग पर 40 जगह खुदाई

### कुछ महीने पहले ही किया गया था डामरीकरण

**रायपुर, 29 मई।** आम जनता के खून पसीने की गाढ़ी कमाई जिसे सरकारी धन कहा जाता है की बर्बादी का नजारा कोतवाली थाना चौक से कंकालीपारा चौक तक सदर बाजार-सत्तीबाजार मार्ग पर देखा जा सकता है।

यह घोर लापरवाही तथा बिना सोचे समझे बगैर योजना के निर्माण कराने तथा मनमानी का उत्कृष्ट उदाहरण है। यहां यह बताना लाजिमी है कि 24 घंटे पेयजल आपूर्ति के लिए अमृत जल योजना के तहत कुछ माह पूर्व सदर बाजार मार्ग को जलवाहिनी बिछाने खोद दिया गया था। पाइप बिछाने के बाद क्षतिग्रस्त सड़क की महीनों मरम्मत नहीं की गई थी। इससे आम लोगों को भारी परेशानी हो रही थी। कीचड़ व उबड़-खाबड़ सड़क के कारण दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे थे। देर सबेर इस सड़क का डामरीकरण किया यगा।

डामरीकरण के कुछ ही महीनों बाद चमचमाती चिकनी सड़क के दोनों किनारों को पाइप डालने अब फिर से खोद दिया गया है। नल पाइप लाइन बिछाने कोतवाली चौक से कंकालीपारा तक चालीस से अधिक स्थानों पर खुदाई की गई है। इससे सड़क फिर से खराब हो गई है। सड़क डामरीकरण में खर्च किया गया लाखों रुपए गड्ढे में चला गया है।

खुदाई के बाद सड़क की मरम्मत करने की बजाय मलबे से पाट दिया गया है। इससे वाहन चालकों को दिक्कत हो रही है। सवाल यह है कि डामरीकरण के पूर्व ही घरों को नल कनेक्शन देने खुदाई क्यों नहीं की गई। मेन पाइप लाइन बिछाने के समय ही घरेलू कनेक्शन दे देना चाहिए था। अब क्षतिग्रस्त सड़क को सुधारने एक बार फिर सरकार पैसा बहाया जाएगा। सदर बाजार बड़ा व्यवसायिक क्षेत्र है। यह प्रदेश का सबसे बड़ा ज्वेलरी बाजार है। सोना-चांदी, रत्न व प्लेटिनम का बड़ा कारोबार होता है। दूसरे राज्यों से भी लोग खरीददारी करने आते हैं।

### भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : अमर

**रायपुर, 29 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेष एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोषी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना देश के छोटे व्यापारियों के लिए सुनहरा अवसर लेकर आया है। यह उपलब्धि भारत की व्यापारिक संरचना में एक शक्तिशाली बदलाव का संकेत है, विशेष रूप से उन छोटे व्यापारियों, व्यापारिक संगठनों, एमएसएमई और स्टार्टअप्स के लिए जो भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। घरेलू खपत में वृद्धि, वैश्विक व्यापारिक रिश्ते और डिजिटल परिवर्तन के साथ छोटे व्यवसाय अब एक स्वर्णिम युग की दहलीज़ पर खड़े हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने दृढ़तापूर्वक कहा कि देश और विदेश दोनों स्तर पर बड़े बाजारों तक पहुंच अब पहले से अधिक होगी जिससे घरेलू खपत में तेज़ी आएगी और स्थानीय व्यवसायों के लिए एक बड़ा बाज़ार तैयार होगा। बेहतर होते व्यापारिक रिश्ते और मुक्त व्यापार समझौते भारतीय वस्तुओं और सेवाओं के लिए निर्यात के नए अवसर खोलेंगे।

## होटल और दवा दुकान में आग



**रायपुर, 26 मई।** न्यू मेडिकल काम्प्लेक्स, रजबंधा मैदान के सामने स्थित होटल गोल्डी तथा एक दवा दुकान में कल रात करीब 9.30 बजे भीषण आग लग गई। बताया जाता है कि यह आग शार्टसर्किट के कारण लगी। होटल गोल्डी के मालिक हरमीत सिंग मथारू ने बताया कि होटल के दो कमरे के पलंग, गद्दा, चार टीवी, एसी तथा आफिस के टेबल कुर्सी, एसी, टीवी सीवीआर, फ्रंट एविएशन आदि जल गए हैं। वहीं सलूजा सर्जिकल नामक दुकान के सारे सामान जलकर राख हो गए हैं। मोके पर कलेक्टर व एसपी पहुंच गए थे। दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

## रायपुर रेल मंडल में ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक प्रशिक्षण शिविर



**रायपुर, 29 मई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल द्वारा मिश्रित हायर सेकेंडरी स्कुल, बी एम वाई, चरोदा में 6 जून तक ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक प्रशिक्षण शिविर आदित्यान्वेषण का आयोजन नयी प्रतिभाओ की खोज एवं कला को निखारने के उद्देश्य से संध्या 06 बजे से किया जा रहा है। यह आयोजन रेलवे इंस्टिट्यूट बी एम वाई तथा मिश्रित हायर सेकेंडरी स्कुल, बी एम वाई की सहभागिता से कार्मिक विभाग द्वारा वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राहुल गर्ग के कुशल मार्गदर्शन में किया जा रहा है। शिविर के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसन्ना आर लोध, कार्यकारी अध्यक्ष, रेलवे इंस्टिट्यूट बी एम वाई एवं एआरएम/भिलाई और विशेष अतिथि के रूप में डी विजय कुमार, मंडल समन्वयक, द पू रे मजदुर कांग्रेस, भिलाई उपस्थित रहे। शिविर का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा की इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर से छुपी प्रतिभाये बाहर आती है और व्यक्तित्व को अलग पहचान देती है। विश्व के किसी भी संस्थान, स्कूल, कोलेज इत्यादि में कलाकार अपनी अलग पहचान बना लेते है। विशिष्ट अतिथि डी विजय कुमार ने शिविर के महत्व को बताते हुए कहा कि आजकल अवसरों की कमी नही है और आज के पेरेंट्स भी बहुत जागरूक है और पेरेंट्स के सही मार्गदर्शन से ही बच्चे मनचाही फिल्ड में नाम और पैसा दोनों अर्जित कर सकते है जिसकी शुरुआत ऐसे शिविरों से होती है। ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक प्रशिक्षण शिविर में कला साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ के वरिष्ट एवं विशेषज्ञ कलाकारों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। जिसमे विभिन्न विधाओं के विशेषज्ञ प्रशिक्षक मणिमय मुखर्जी, बरुण चक्रवर्ती, गौतम शील, बबलू विश्वास, बाली, गौतमी चक्रवर्ती, साई चक्रवर्ती, पार्थ चक्रवर्ती, सारथी चक्रवर्ती निरंतर विभिन्न विधाओ में बहुत ही सरल सहज एवं प्रभावपूर्ण तरीके से प्रशिक्षण प्रदान कर रहे है।

## प्रकृति और विकास साथ-साथ चल सकते हैं : राजीव कुमार

**रायपुर, 26 मई।** आज जब दुनिया तेज़ी से बढ़ते शहरीकरण, औद्योगीकरण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से जूझ रही है, तब पेड़-पौधों, जानवरों और प्रकृति की अहमियत और भी अधिक बढ़ गई है। भारत जैसे देश में, जहाँ तरह-तरह के जानवर और पौधे पाए जाते हैं, हमारी जिम्मेदारी है कि हम धरती का संतुलन बनाए रखें। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए वेदांता एल्युमीनियम ने जैव विविधता दिवस पर कई ठोस कदम उठाए हैं, जिसकी घोषणा कंपनी ने अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर की है। कंपनी अपने कामकाज के हर हिस्से में प्रकृति की रक्षा को अहमियत देती है। कंपनी के सीईओ राजीव कुमार का कहना है, प्रकृति और विकास साथ-साथ चल सकते हैं, सिर्फ नीयत और तरीका सही होना चाहिए। हम आगे चलकर आने वाली पीढ़ियों को एक साफ और स्वस्थ पर्यावरण देने पर ध्यान दे रहे हैं। साथ ही, अपने साथियों और स्थानीय लोगों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि प्रकृति और जैव विविधता हमारे विकास का हिस्सा बनी रहे।

## रविभवन में लगा एचएसआरपी नम्बर प्लेट शिविर

**रायपुर, 26 मई।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी, प्रदेश एक्सक्यूटिव चेयरमेन जितेन्द्र दोशी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन, प्रदेश महामंत्री सुरिंदर सिंह एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि कैट, रविभवन व्यापारी संघ एवं क्षेत्रिय परिवहन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में एचएसआरपी नम्बर प्लेट शिविर रवि भवन में सम्पन्न हुआ। शिविर में क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी श्री आशीष देवांगन एवं सहायक क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी श्री प्रतीक शुक्ला एवं राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन श्री अमर पारवानी उपस्थित रहे। क्षेत्रिय परिवहन अधिकारी श्री आशीष देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार के परिवहन विभाग ने वाहन पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगवाना अनिवार्य कर दिया गया है।



## अवंती विहार नाले पर ब्रिज बनकर तैयार

### 10 जून से होगा आवागमन प्रारंभ

**रायपुर, 29 मई।** अवंती विहार व्यापारी संघ द्वारा आज अवंती विहार मुख्य मार्ग पर चल रहे नाले निर्माण का निरीक्षण किया गया निरीक्षण करने के उपरांत जोन कमिश्नर श्री संतोष पांडे से चर्चा की गई अध्यक्ष राजकुमार राठी ने बताया कि नाले का ब्रिज बन कर तैयार है एवं दोनों तरफ सड़क को जोड़ने का कार्य भी प्रारंभ हो गया है परंतु तकनीकी कारणों से अभी 10 से 12 दिन आवागमन प्रारंभ करना संभव नहीं है।

श्री राठी ने बताया कि 10 जून से अवंती विहार मुख्य मार्ग जो की 70 कॉलोनी को जोड़ता है एवं प्रतिदिन 1 लाख राहगिरे के आने-जाने का मार्ग है पुनः प्रारंभ हो जाएगा, निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष सुब्रत घोष संरक्षक संतोष श्रीवास्तव



डॉक्टर सुजीत परिहार, अखिल चटर्जी ,राजकुमार गंगवानी उपस्थित रहे,श्री राठी ने नाले का शीघ्र निर्माण किए जाने पर जोन कमिश्नर संतोष पांडे सहित पूरे नगर निगम एवं ठेकेदार का आभार व्यक्त किया है।

## शोभायात्रा के साथ भागवत कथा प्रारंभ

**रायपुर, 29 मई।** मारवाड़ी युवा मंच रायपुर सेंट्रल छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई के द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर, समता कॉलोनी, रायपुर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा, श्री धाम वृंदावन से प्रधारे कथा व्यास पूज्य श्री डॉ संजय कृष्ण सलिल जी महाराज आज प्रथम दिवस श्रीमद् भागवत कथा के महात्म की चर्चा करते हुए बताया किस प्रकार नारद जी ने महारानी भक्ति देवी के पुत्र ज्ञान और वैराग्य के सनकादिक ऋषियों के द्वारा भागवत कथा का श्रवण कराके दोनों पुत्रों को पुण्य किया। आगे महाराज जी ने बताया की समकादिक ऋषि नारद जी को बताते हैं कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने से बड़े से बड़ा पापी भी तर जाता है इस संदर्भ में उन्होंने



गोकर्ण और धुंधकारी की कथा सुनाई धुंधकारी महापापी अत्याचारी कुटिल, कामी था, मृत्यु के पश्चात भयंकर प्रेत बना परंतु जब गोकर्ण जी ने भागवत कथा का श्रवण कराया तो वह पुनीत पवन और दिव्य पुरुष बनाकर स्वर्ग को चला जाता है । कथा में विभिन्न ब्रज की सुंदर झांकियो का दर्शन हुआ इस मौक़े पर शहर के आए हुए समस्त श्रद्धालुओं के बीच प्रथम दिवस का समापन हुआ।

चौबे कॉलोनी स्थित चिंताहरण हनुमान मंदिर से भागवत पुराण के साथ कलश यात्रा निकली। कलश यात्रा चौबे कॉलोनी समता कॉलोनी होते श्याम मंदिर पहुंची। कलश यात्रा में महिलाओं का उत्साह देखते बनता था रास्ते भर महिलाएं भक्ति में लीन झूमते रही। प्रातकाल भागवत कथा के आज के यजमान विष्णु गोयल कन्हैया अग्रवाल और क्षितिज अग्रवाल ने सपत्नीक पूजन। भागवत जी की कथा में छत्तीसगढ़ प्रांतीय युवा अग्रवाल मंच मारवाड़ी रोमांस रायपुर सेंटर युवा अग्रवाल मंच महिला इकाई के सदस्यों ने समस्त भक्त जनों से श्याम मंदिर प्रांगण में चल रही कथा में शामिल होकर भगवत गीता का पुण्य लाभ लेने की अपील की है। भागवत कथा एवं शोभायात्रा में नितेश अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, त्रिपद जैन, संध्या अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, किरण गोयल, कमल गुप्ता, आशीष अग्रवाल, विकास तिवारी, हेमंत तिवारी, संतोष तिवारी, पंकज अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, संतोष तिवाड़ी, संतोष बजाज, कैलाश छापड़िया, आनंद अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, महेश पोद्दार, सतेंद्र अग्रवाल, सुधीर अग्रवाल, प्रीति क्षितिज अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, किरण अग्रवाल, प्रीति प्रमोद अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, सुमन गुप्ता, रेणु अग्रवाल, विभा अग्रवाल, निशा अग्रवाल, बबली अग्रवाल सहित सदस्य गण एवं श्रद्धालु जन शामिल हुए।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26